RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-268 जयपुर, गुरुवार, 26 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये

## प्रदेश में आज से बदलेगा मौसम चार दिन आंधी और बारिश संभव

**जयपुर।** प्रदेश के मौसम में एक बार बदलाव देखने को मिलेगा। गुरुवार 26 मार्च से नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश का दौर चलेगा। बारिश का यह दौर 31 मार्च तक चलता रहेगा। बुधवार को जयपुर में हल्के से मध्यम बादल छाए रहे। बादल छाने से दिन के पारे में गिरावट दर्ज की गई। मौसम साफ रहने से प्रदेश के अन्य शहरों के पारे में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से आंशिक बादल छाए रहने व 26-27 मार्च को पूर्वी व उत्तरी भागों में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। एक और नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ 28-31 मार्च के दौरान राज्य के कुछ भागों में सक्रिय होने व मेघगर्जन के साथ आंधी-बारिश की संभावना है।

## कंटेनर-बोलेरो की टक्कर में चाचा-भतीजे की मौत

**बांसवाड़ा।** कंटेनर और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर में चाचा-भतीजा की मौत हो गई। बोलेरो के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया है। करीब आधे घंटे तक बोलेरो सवार दोनों युवक गाड़ी में ही फंसे रहे थे। चिल्ला-चिल्लाकर मदद की गुहार लगा रहे थे। समय से उनको मदद नहीं मिली और हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। हादसा मंगलवार की रात करीब 11 बजे जालोर-बांसवाड़ा नेशनल हाईवे पर सज्जनगढ़ (बांसवाड़ा) इलाके में हुआ। थानाधिकारी धनपत सिंह ने बताया- मांडली छोटी (सज्जनगढ़) के रहने वाले बसु (30) अपने भतीजे कन्हैयालाल (25) के साथ 24 मार्च को बोलेरो की सर्विस करवाने बांसवाड़ा गए थे। मंगलवार की रात करीब 11 बजे गांव लौट रहे थे। कालाखूंटा गांव के पास जालोर की तरफ से आ रहे कंटेनर से बोलेरो की भिड़ंत हो गई। बसु और कन्हैयालाल गाड़ी में बुरी तरह फंस गए थे।

# सर्वदलीय बैठक में जयशंकर की दो टूक पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं भारत

### बैठक में पश्चिम एशिया के हालात और देश में तेल और गैस की उपलब्धता पर हुई चर्चा

### रिजिजू बोले- विपक्ष सरकार के साथ, कांग्रेस ने संसद में बहस की मांग की

नई दिल्ली



भारत सरकार ने बुधवार को ईरान-इजराइल जंग के बीच सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात और देश में तेल-गैस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। सरकार ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। हालांकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मीटिंग में शामिल नहीं हुए।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में कहा कि भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है और हम किसी के लिए भी मध्यस्थता नहीं करते। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने यह जवाब कांग्रेस नेता तारिक अनवर के बयान पर दिया। बैठक में तारिक अनवर ने कहा था कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, जबकि भारत मूकदर्शक बना हुआ है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया विपक्ष ने कहा वो सरकार के साथ है। उन्होंने बताया कि तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। रिजिजू के मुताबिक, उनसे दो बार संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने अन्य कार्यक्रम का हवाला देकर आने से मना कर दिया।

रिजिजू ने उम्मीद जताई कि इस संकट के समय विपक्ष भी सरकार के साथ मिलकर देश के हित में काम करेगा। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी अपील की है कि देश एकजुट रहे और संसद से एकता का संदेश जाए। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने बैठक को लेकर कहा कि बैठक असंतोषजनक रही। उन्होंने सरकार से संसद में चर्चा कराने को कहा।

सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने कहा कि वेस्ट एशिया संघर्ष के बावजूद भारत में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि देश में कच्चा तेल, गैस और अन्य जरूरी सप्लाई पर्याप्त है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बैठक में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सप्लाई सामान्य रहने की जानकारी दी। सरकार ने बताया भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण सप्लाई प्रभावित नहीं हुई। अब तक 4 शिपमेंट आ चुकी हैं, आगे सप्लाई जारी रहने की उम्मीद है।

केंद्र सरकार ने कहा कि वेस्ट एशिया संघर्ष के बावजूद भारत में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि देश में कच्चा तेल, LPG और अन्य जरूरी सप्लाई पर्याप्त है।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बैठक में विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सप्लाई सामान्य रहने की जानकारी दी। सरकार ने बताया कि भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण सप्लाई प्रभावित नहीं हुई। अब तक 4 शिपमेंट आ चुकी हैं, आगे भी सप्लाई जारी रहने की उम्मीद।

ईरान ने 5 दिन बाद सप्लाई रूट फिर खोले, इसे सकारात्मक संकेत बताया गया। सरकार ने कहा कि भारत सभी देशों के संपर्क में है और सक्रिय कूटनीति कर रहा है।

सरकार के अनुसार सप्लाई लाइन चालू रहना भारत की कूटनीतिक सफलता है। विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए दूतावास सक्रिय हैं। जरूरत पड़ने पर भारतीयों को निकालने की पूरी तैयारी।

### ईरान बोला- ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं होगी

## अमेरिका का प्रस्ताव धोखा है, सीजफायर के लिए 5 शर्तें रखीं

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी



ईरान ने अमेरिका के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शर्तों पर जंग खत्म नहीं करेगा।

ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका ने मध्यस्थ देशों के जरिए जो प्रस्ताव भेजा, वह धोखा है और जमीनी हकीकत से कटा हुआ है और इसका मकसद सिर्फ दबाव बनाना है। ईरान ने कहा है कि युद्ध का अंत तभी होगा जब उसकी शर्तें पूरी होंगी। इसके लिए उसने 5 प्रमुख शर्तें रखी हैं- भविष्य में दोबारा युद्ध न होने की ठोस गारंटी, युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा, सभी मोर्चों पर संघर्ष का पूर्ण अंत, होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान के अधिकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता

ईरान ने यह भी कहा कि भविष्य में दोबारा युद्ध न हो, इसके लिए ठोस गारंटी दी जानी चाहिए। साथ ही उसने यह मांग भी रखी कि न केवल ईरान के खिलाफ, बल्कि क्षेत्र के अन्य समूहों के खिलाफ भी सभी सैन्य कार्रवाइयां बंद हों।

उसने जोर देकर कहा कि जब तक उसकी सभी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक उसके रक्षात्मक अभियान जारी रहेंगे। उसने दोहराया कि वह अपनी ही शर्तों और समय के अनुसार युद्ध खत्म करेगा और मौजूदा अमेरिकी प्रस्ताव अभी भी उसके लिए स्वीकार्य नहीं है।

ईरान ने यह भी कहा कि जब तक उसकी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। उसका कहना है कि अमेरिका बार-बार अपनी शर्तें बदलता है, जबकि तेहरान अपने रुख पर स्थिर है।

**अमेरिका ने ईरान को 15 प्वाइंट का प्लान भेजा**

अमेरिका ने ईरान को युद्ध खत्म करने के लिए 15 प्वाइंट का प्लान भेजा है। यह प्लान पाकिस्तान के जरिए तेहरान तक पहुंचाया गया। इस प्रस्ताव में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम के साथ-साथ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में समुद्री आवाजाही जैसे अहम मुद्दों को शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ इस बातचीत में अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं।

## देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुईः सुजाता शर्मा

### घबराकर जरूरत से ज्यादा खरीदने से बचें

नई दिल्ली



एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग समयसीमा में बदलाव को लेकर फैल रही खबरों को केंद्र सरकार ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बुकिंग नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा व्यवस्था ही लागू है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। स्टॉक में पेट्रोल-डीजल की मात्रा काफी है। लोग पैनिक में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी ना करें।

मंत्रालय के अनुसार, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया जा रहा था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कनेक्शन के लिए 45 दिन, गैर-पीएमयूवाई सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समयसीमा लागू की गई है। सरकार ने इन दावों को भ्रामक और गलत बताया है। दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा- हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। स्टॉक में पेट्रोल की काफी मात्रा है।

सुजाता शर्मा ने कहा- घरेलू PNG कनेक्शन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इसकी 100% सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाली ष्ट्रह्नत्र की आपूर्ति भी पूरी तरह उपलब्ध कराई जा रही है।

### कैबिनेट बैठक में 'उड़ान' को दी मंजूरी

## देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 आधुनिक हेलिपैड बनाएंगे

### कार्बन उत्सर्जन में 2035 तक 47 प्रतिशत कटौती का लक्ष्य

नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वैश्विक पर्यावरण से जुड़ा एक प्रमुख नीतिगत फैसला लिया है। सरकार ने 2026 पेरिस समझौते के तहत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को औपचारिक मंजूरी दे दी। यह फैसला वैश्विक मंच पर भारत की कार्बन उत्सर्जन कम करने की प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट करता है और भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा सतत विकास से जुड़ी कॉर्पोरेट रणनीतियों को एक नई दिशा देगा। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को पत्रकारों को बताया पेरिस एग्रीमेंट के तहत भारत ने जलवायु लक्ष्यों को और मजबूत करते हुए 2031-2035 अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को मंजूरी दी है।

सरकार के इस फैसले के तहत भारत अब 2035 तक 2005 के स्तर की तुलना में जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 47 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेगा। साथ ही देश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए 2035 तक 60 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का भी लक्ष्य रखा गया है। कार्बन उत्सर्जन को संतुलित करने के लिए वन और वृक्ष कवर के जरिए 3.5 से 4.0 अरब टन अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाने की योजना है।

उल्लेखनीय है इससे पहले भारत ने 2021-2030 के लिए अपना एनडीसी 2015 में प्रस्तुत किया था, जबकि कॉप-26 में देशों ने 5 साल में नए लक्ष्य तय करने पर सहमति जताई थी। भारत पहले ही जलवायु लक्ष्यों की दिशा में तेज प्रगति कर चुका है।

केंद्र सरकार ने देश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़ान' के संशोधित संस्करण (उड़ान 2.0) को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक 10 वर्षों के लिए लागू होगी, जिसका लक्ष्य 100 नए हवाई अड्डों/हेलीपोर्ट को विकसित करना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है।

## कांग्रेस को अकबर रोड-रायसीना हिल्स का दफ्तर खाली करने का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को 24 अकबर रोड वाला दफ्तर 28 मार्च तक खाली करना होगा। एस्टेट डिपार्टमेंट ने पार्टी को नोटिस दिया है। न्यूज एजेंसी ने कांग्रेस सूत्रों के हवाले से कहा है कि दफ्तर खाली करने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस का हेडक्वॉर्टर पहले ही यहां से इंदिरा भवन शिफ्ट हो चुका है। पार्टी इस बंगले को खाली नहीं करना चाहती है। उधर, एस्टेट डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के 5 रायसीना हिल्स रोड स्थित इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यालय के लिए भी एक और नोटिस जारी किया है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि कांग्रेस, सरकार के इस रवैए के खिलाफ कोर्ट में अपील करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि 1 अशोक रोड या पंत मार्ग वाले BJP के दफ्तर भी खाली नहीं करवाए गए हैं। कांग्रेस ने 14 जनवरी 2025 को ही अकबर रोड वाले ऑफिस से अपना दफ्तर इंदिरा भवन में शिफ्ट किया है। 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला था। इंदिरा भवन की आधारशिला 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने रखी थी। इसे बनने में 252 करोड़ रुपए लगे।

## ज्वेलर की गोली मारकर हत्या, सोने-चांदी से भरा बैग लूटा

### दुकान बंद कर स्कूटी से लौट रहे थे घर, व्यापारियों ने शव के साथ रैली निकाली

नदबई (भरतपुर)



भरतपुर जिले में बाइक पर आए 2 बदमाशों ने ज्वेलर के गले में गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश सोने-चांदी से भरा बैग लूट ले गए। ज्वेलर अपनी दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे।

घर से 100 मीटर पहले बदमाशों ने उनको गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर लोग दौड़कर मौके पर आए और ज्वेलर को अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वारदात नदबई की पंजाबी कॉलोनी में हुई।

स्थानीय निवासी सुभाष सोनी ने बताया- ज्वेलर योगेंद्र चौपड़ा (45) पुत्र शांति स्वरूप बुधवार शाम करीब 7:15 बजे नगर तिराहे पर स्थित अपनी दुकान से स्कूटी पर घर लौट रहा था। जब वह अपने घर से 100 मीटर दूर था, तभी बाइक पर आए 2 बदमाशों ने योगेंद्र को गोली मार दी, जो उसके गले में लगी।

गोली लगते ही योगेंद्र स्कूटी के साथ नीचे गिर गया। बदमाश योगेंद्र का सोने-चांदी से भरा बैग लेकर भाग गए। बदमाश नगर रोड की तरफ से आए थे और गलियों के अंदर से होते हुए भाग निकले।

योगेंद्र जेवरात से भरा ये बैग सुबह घर से दुकान पर लेकर जाता था और शाम को घर लाता था। वारदात के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर आए और योगेंद्र को नदबई अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। योगेंद्र के परिवार में उसकी मां के अलावा छोटा भाई, पत्नी, बेटा और बेटी है। योगेंद्र के पिता का निधन हो चुका है।

### व्यापारी और कस्बे के लोगों ने किया प्रदर्शन

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी और कस्बे के लोग अस्पताल पहुंच गए। लोगों ने यहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने शव को स्ट्रेचर पर रखा और मुख्य बाजार से रैली निकालते हुए थाने के सामने ले गए।

लोगों ने थाने के सामने भी जमकर नारेबाजी की। लोगों ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा- जब तक आरोपियों को पकड़ा नहीं जाता है, शव का पोस्टमॉर्टम नहीं करवाएंगे।

## किसानों को 2013 से पहले अधिग्रहित जमीन पर भी मिलेगा बढ़ा मुआवजा

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण मामले में किसानों को राहत दी है। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने कहा कि 2013 से पहले अधिग्रहित भूमि के लिए भी बढ़े हुए मुआवजा व ब्याज का भुगतान किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि सिर्फ वित्तीय बोझ का हवाला देकर किसानों का मुआवजा नहीं घटाया जा सकता है। दरअसल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 2013 से पहले विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि पर दिए बढ़े मुआवजे और ब्याज के पुराने फैसलों की समीक्षा की मांग की थी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कहना था 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के बाद ऐसे हजारों मामलों में मुआवजे का भारी वित्तीय बोझ सरकार पर आ गया है। ये करीब 29 हजार करोड़ रुपये का है। उच्चतम न्यायालय ने साफ किया कि केवल भूस्वामी ही बढ़े हुए ब्याज का दावा करने के हकदार होंगे, जिनके बढ़े हुए मुआवजे के मामले 28 मार्च 2015 तक किसी फोरम के समक्ष लंबित थे।

### वित्त विधेयक लोकसभा से पारित, वित्तामंत्री सीतारमन बोलीं-

## भारत प्रतिबद्धता के साथ तेजी से सुधारों के रास्ते पर बढ़ रहा

### राष्ट्र निर्माण लगातार होने वाली प्रक्रिया, बैकों को गंभीर हालत में छोड़कर गया था विपक्ष

नई दिल्ली



लोकसभा में आज वित्त विधेयक 2026 पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक पेश किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण लगातार होने वाली प्रक्रिया है, यह रातोंरात नहीं होता है।

उन्होंने विपक्ष पर टिप्पणी में कहा- कोविड संकट का भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीमित असर पड़ा था। विपक्ष आज बातें कर रहा है, लेकिन ये डबल बैलेंस शीट छोड़कर गए थे। बैंकों को गंभीर हालत में छोड़ा था। आज जब हमारे बैंकों के हालात ठीक हैं, तो ये आलोचना कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि इनके दौर में लगातार 22 महीने महंगाई डबल डिजिट में रही, जो कि एक रिकॉर्ड है। इनके लिए गए कर्ज का ब्याज आज हम चुका रहे हैं। सुधार किसी मजबूरी के कारण नहीं, बल्कि स्पष्टता, प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास के साथ दृढ़ विश्वास से किए जा रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत 'सुधार एक्सप्रेस' पर सवार है।

### टैक्स सिस्टम को अधिक पारदर्शी बनाने की कोशिश

उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस भरोसे पर आधारित टैक्स सिस्टम बनाने पर है, जिसके तहत ईमानदार करदाताओं के लिए परेशानियां कम की जा रही हैं। टैक्स प्रशासन को अधिक पारदर्शी और आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

वित्त मंत्री ने आम लोगों को राहत देने के लिए 17 जरूरी जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने का भी एलान किया। इससे इन दवाओं की कीमतें कम होने की उम्मीद है और मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा।

### छोटे करदाताओं के लिए बड़ा कदम

छोटे करदाताओं के लिए भी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। अब कम या शून्य टीडीएस सर्टिफिकेट पाने के लिए नियम-आधारित ऑटोमेटेड ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया है, जिससे समय और जटिलता दोनों कम होंगे। इसके अलावा, सीतारमण ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार द्वारा वसूले गए सेस और सरचार्ज से अधिक राशि राज्यों के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत खर्च की जा रही है, जिससे राज्यों को वित्तीय सहयोग मिलता है।

**विपक्ष केवल सवाल करता है, जबाव सुनने मौजूद नहीं रहता**

वित्त मंत्री ने विधेयक के पेश किए जाने के दौरान विपक्ष को सदन में नहीं मौजूद रहने पर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष सवाल करता है तो उसे जबाव सुनने के लिए सदन में मौजूद रहना चाहिए।

## गुरुग्राम दुष्कर्म मामले में शीर्ष अदालत फटकार, कहा- हरियाणा पुलिस का रवैया शर्मनाक

### मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में तीन साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में असंवेदनशील रवैया अपनाने पर नाराजगी जताई है। हरियाणा पुलिस और उसकी बाल कल्याण समिति को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा, यह शर्मनाक है कि हरियाणा पुलिस ने तीन वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता से खुद जाकर मुलाकात करने के बजाय उसे थाने बुलाया।

सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में पोक्सो कानून के तहत दर्ज एफआईआर में अपराध को कमतर करने पर संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एक एसआईटी का गठन किया है, जिसमें हरियाणा कैडर की आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द एसआईटी को नोटिफाई किया जाए और गुरुग्राम पुलिस को गुरुवार तक जांच से जुड़े दस्तावेज एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम पुलिस के उन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, जिन पर मामले की जांच में लापरवाही का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम बाल कल्याण समिति के सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बाल कल्याण समिति के सदस्यों से पूछा गया है कि उन्हें पद से क्यों न हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम के जिला जज को निर्देश दिया है कि इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट की एक वरिष्ठ महिला न्यायिक अधिकारी को सौंपी जाए।

## विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान सीएम सुक्खू ने कहा, राज्य में कोई आर्थिक संकट नहीं

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि राज्य में कोई आर्थिक संकट नहीं है और सरकार 2032 तक सभी कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देगी। उन्होंने कहा कि सरकार उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा प्रदेश की वित्तीय स्थिति को कमजोर बताने के दावे को सीएम सुक्खू ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वेतन में कटौती नहीं की गई है, बल्कि इस केवल छह महीने के लिए स्थगित किया है। साथ ही उन्होंने जयराम ठाकुर पर गलत आंकड़े प्रस्तुत करने का आरोप लगाकर कहा कि यदि सही आंकड़े दिखाते, तब स्थिति को लेकर भ्रम नहीं फैलता। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यदि विपक्ष सरकार के फैसलों का विरोध नहीं कर रहा और कोर्ट नहीं जा रहा, तो इसका मतलब है कि वे भी वास्तविक स्थिति को समझते हैं। इसके अलावा, उन्होंने सोलन और कुल्लू जिलों के अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की योजना की जानकारी दी, जिसके लिए लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मशीनें खरीदी जाएगी। अंत में सुक्खू ने सवाल उठाया कि कौन सी सरकार बेहतर है—वह जो 17 हजार करोड़ की आरडीजी से चल रही है या वह जिसने 76 हजार करोड़ के कर्ज का दुरुपयोग किया।

## वजन घटाने वाली दवा को लेकर सतर्क ड्रग्स कंट्रोलर... दवा की बिना अनुमति बिक्री और प्रचार पर सख्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। वजन घटाने वाली दवा (जीएलपी-1) की सप्लाई चेन में नैतिक फार्मास्युटिकल तरीकों को सुनिश्चित करने भारत के ड्रग्स कंट्रोलर ने दवा की बिना अनुमति बिक्री और प्रचार के खिलाफ जांच तेज कर दी है। भारतीय बाजार में जीएलपी-1 आधारित वजन घटाने वाली दवाओं के कई जैनेरिक वेरिएंट के आने के साथ रिटेल फार्मेसियों, ऑनलाइन, थोक विक्रेताओं और वेलनेस क्लीनिकों के माध्यम से इसकी मांग को लेकर चिंता सामने आई हैं। जब इन दवाओं का उपयोग उचित चिकित्सकीय देखरेख के बिना किया जाता है, तब इनके गंभीर दुष्प्रभाव और संबंधित स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। स्थिति का संज्ञान लेकर भारत के ड्रग्स कंट्रोलर ने राज्य रेगुलेटरों के सहयोग से फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में संभावित गलत तरीकों को रोकने और बिना अनुमति बिक्री तथा उपयोग को रोकने के लिए कई लक्षित कार्रवाइयां शुरू की हैं। 10 मार्च 2026 को सभी निर्माताओं को विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से सरोगेट विज्ञापनों (अप्रत्यक्ष विज्ञापनों) और किसी भी प्रकार के अप्रत्यक्ष प्रचार पर रोक लगाई गई थी, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है। हाल के हफ्तों में प्रवर्तन गतिविधियों को काफी बढ़ाया गया है। 49 संस्थाओं पर ऑडिट और निरीक्षण किए गए, जिसमें शामिल हैं ऑनलाइन फार्मेसी के गोदाम, दवा के थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, और वेलनेस तथा स्लिमिंग क्लीनिक प्रमुख है। ये निरीक्षण देश भर के कई क्षेत्रों में किए गए और इनका मुख्य उद्देश्य बिना अनुमति बिक्री, गलत प्रिस्क्रिप्शन (दवा लिखने) के तरीके, और गुमराह करने वाले मार्केटिंग से संबंधित उल्लंघनों की पहचान करना था। रेगुलेटर इस बात पर ज़ोर देता है कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है। चिकित्सकीय देखरेख के बिना वजन घटाने वाली दवाओं का गलत उपयोग गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकता है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे ऐसी दवाओं का उपयोग केवल योग्य चिकित्सकों के मार्गदर्शन में ही करें।

## देश के कई राज्यों में गुजरते मार्च में होगी बारिश और बर्फबारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के पहाड़ी राज्यों में बारिश-बर्फबारी और मैदानी राज्यों में भी हल्की से तेज बारिश का असर है। राजस्थान में एक हफ्ते से बारिश और तेज हवा का अनुमान है। जो मार्च के अंत तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 से 31 मार्च के बीच राज्य में दो अलग-अलग ?वेदर सिस्टम सक्रिय होने वाले हैं। मध्यप्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर है। इसके कारण राज्य के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग में बादल छाए। इसके कारण दिन के तापमान में गिरावट आई। 26-27 मार्च से आंधी-बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश में नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ सहित 10 जिलों में बारिश हुई। यहां तापमान सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस या उससे भी नीचे रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा। इससे 3-4 दिन तक पूरे प्रदेश में फिर बारिश हो सकती है। 25 मार्च को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली गिरने की आशंका है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल और सिक्किम में हल्की बारिश की संभावना। वहीं 26 मार्च को मध्य भारत, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में हल्की बारिश की संभावना है। राजस्थान में पिछले सप्ताह शुरू हुआ आंधी-बारिश का दौर मार्च के अंत तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने राज्य में 26 से 31 मार्च के बीच दो अलग-अलग ?वेदर सिस्टम के सक्रिय होने की संभावना जाहिर की है। पिछले 24 घंटे में जयपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं जिलों में बारिश हुई। दोपहर में कोटा, बारां, अजमेर में बारिश हुई।

## लालू को फिर झटका, दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिका में कोई दम नहीं... ये कहकर खारिज की

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में स्थित दिल्ली हाई कोर्ट ने आरजेडी प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव को लैंड-फॉर-जॉब्स मामले में बड़ा झटका देकर उनकी याचिका खारिज कर दी। याचिका में उन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। अदालत ने साफ कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। इस फैसले से लालू यादव को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है और उनकी कानूनी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सुनवाई के दौरान लालू यादव के वकील ने दलील दी कि यह जांच फ्रगैर-कानूनी और दुर्भावनापूर्णफ्र है और उनके मुवक्किल के निष्पक्ष जांच के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए का हवाला देकर कहा कि बिना पूर्व मंजूरी के शुरू की गई जांच अवैध मानी जानी चाहिए। साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। हालांकि अदालत ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया। यह मामला 2004 से 2009 के बीच का है, जब लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि उस दौरान रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरियां देने के बदले लोगों से जमीन ली गई।

# कपिल सिब्बल को फटकराते हुए सुप्रीम कोट... केंवल 'ईडी,ईडी,ईडी' की रट मत लगाइये

### सिब्बल से पूछा... क्या किसी सरकारी अधिकारी के मौलिक अधिकार नहीं होते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अहम सुनवाई करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच चल रहे विवाद में महत्वपूर्ण सवाल उठाकर पूछा है कि क्या किसी सरकारी अधिकारी के मौलिक अधिकार नहीं होते हैं या केवल सरकारी अधिकारी होने के कारण वे अपने मौलिक अधिकार खो देते हैं? जस्टिस पी.के.मिश्रा और जस्टिस एन.वी.अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने मामले में व्यक्तिगत रूप से याचिका दायर की है। इसके बाद यह तर्क देना कि प्रवर्तन निदेशालय अनुच्छेद 32 के तहत याचिका नहीं दायर कर सकती। यह याचिका ममता बनर्जी पर राजनीतिक कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के खिलाफ की गई तलाशी अभियानों में कथित हस्तक्षेप के आरोप में दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा, ÷क्या ईडी के अधिकारी हो जाने की वजह से देश के नागरिक नहीं रह जाते? उनके मौलिक अधिकारों का क्या?÷ पीठ ने कहा कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में अदालत में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने चेताया कि केवल ईडी,ईडी,ईडी÷ कहकर मामले को नहीं देखा जा सकता, बल्कि उन अधिकारियों के अधिकारों पर ध्यान देना जरूरी है जो इस पूरे घटनाक्रम में कथित रूप से प्रभावित हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस मिश्रा ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी कर कहा, कृपया ईडी के उन अधिकारियों के मौलिक अधिकारों पर ध्यान केंद्रित करें, जिनके संबंध में अपराध किया गया है। अन्यथा, आप मुख्य मुद्दे से भटक जाएंगे। आप उस दूसरी याचिका को नहीं भूल सकते, जिस याचिका को उन व्यक्तिगत अधिकारियों ने दायर किया है, जो इस अपराध के पीड़ित हैं। मैं आपको बता रहा हूं, आप मुश्किल में पड़ जाएंगे। सिर्फ ईडी, ईडी, ईडी की रट न लगाएं।



वहीं पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि जांच करना कोई मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि एक वैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में बाधा आती है, तब उसका समाधान कानून के तहत है, न कि अनुच्छेद 32 के जरिए होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम किसी कानून की व्याख्या किसी विशेष परिस्थिति के संदर्भ में करके, आपराधिक कानून की मूल विशेषताओं के विपरीत जाकर मुसीबतों का नहीं खोल सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी समय का हवाला देकर सुनवाई टालने की मांग भी खारिज की। जस्टिस मिश्रा ने कहा, ÷हम न चुनाव का हिस्सा बनना चाहते हैं, न किसी अपराध का। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह टिप्पणी इस बात का संकेत है कि कोर्ट इस मामले को गंभीरता से देख रहा है और टालने के पक्ष में नहीं है।

#### पूरा मामला क्या है?

यह विवाद जनवरी में तब शुरू हुआ, जब ईडी ने पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के ठिकानों पर छापेमारी की। आरोप है कि तब सीएम ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं थी और उन्होंने कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण वहां से हटा लिए थे। ईडी का दावा है कि इससे उनकी जांच प्रभावित हुई। यह जांच कथित कोयला तस्करी मामले से जुड़ी है, जिसमें कारोबारी अनूप माजी पर आरोप हैं।

## अमेरिका और ईरान का तनाव कम करने के लिए भारत समेत 4 मुस्लिम देश हुए सक्रिय

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य पूर्व में जारी भीषण संघर्ष को रोकने और इसे महायुद्ध में बदलने से बचाने के लिए दुनिया की बड़ी ताकतें पर्दे के पीछे से सक्रिय हो गई हैं। ताजा रणनीतिक घटनाक्रम और वरिष्ठ राजनयिकों से मिली जानकारी के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए ओमान और तुर्की के माध्यम से अत्यंत गोपनीय बैकचैनल वार्ताएं आयोजित की जा रही हैं। ऐतिहासिक रूप से मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान ने एक बार फिर दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को संवाद की मेज पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनयिक हलकों में हो रही इन चर्चाओं से यह भी स्पष्ट हुआ है कि इस शांति प्रक्रिया में केवल तुर्की और ओमान ही नहीं, बल्कि भारत, सऊदी अरब और मिस्र जैसे देश भी लगातार कूटनीतिक संदेशों के आदान-प्रदान का जरिया बने हुए हैं। भारत के संबंध ईरान और अमेरिका दोनों के साथ संतुलित और बेहतर हैं, जिसे देखते हुए नई दिल्ली ने क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए संवाद के रास्ते खुले रखने में मदद की है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों की मध्यस्थता और कूटनीतिक दबाव ने युद्ध को अनियंत्रित होने से रोकने में एक सिक्योरिटी वाल्व की तरह काम किया है। हालांकि, यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि इन गुप्त वार्ताओं का हालिया घोषित 5-दिवसीय युद्ध विराम के फैसले पर कितना सीधा प्रभाव पड़ा है, लेकिन इसके सकारात्मक संकेत जरूर मिले हैं। युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने के साथ ही यह पहली बार देखा जा रहा है कि इतने सारे प्रभावशाली राष्ट्र एक साथ मिलकर वाशिंगटन और तेहरान के बीच की खाई को पाटने की कोशिश कर रहे हैं। चर्चा है कि आने वाले समय में कूटनीतिक समाधान की कोशिशें और तेज हो सकती हैं। कूटनीतिक गलियारों में यह दावा भी किया जा रहा है कि पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र की कोशिशों के बाद भविष्य में होने वाली उच्च स्तरीय बैठकों में अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल हो सकते हैं। फिलहाल, सैन्य तनाव के बीच इन गुप्त वार्ताओं ने वैश्विक स्तर पर शांति की नई उम्मीद जगाई है।

## कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा

**-दो सहयोगियों को भी 30-30 साल की जेल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं उसकी दो सहयोगियों सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को 30-30 साल की जेल की सजा दी गई। तीनों को इससे पहले जनवरी में गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दोषी ठहराया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत ने सजा पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। अदालत ने अपने पूर्व निर्णय में कहा था कि आसिया अंद्राबी और उसकी सहयोगियों ने कश्मीर को भारत से अलग करने की साजिश रची और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहीं। 14 जनवरी को अदालत ने तीनों आरोपियों को यूएपीए की विभिन्न धाराओं—धारा 20 (आतंकवादी संगठन का सदस्य होना), धारा 38 (आतंकवादी संगठन से जुड़ाव) और धारा 39 (आतंकवादी संगठन का समर्थन) के तहत दोषी ठहराया था। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी, 120बी, 505 और 121ए के तहत भी इन्हें अपराधी पाया गया। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से वरिष्ठ सरकारी वकील ने कड़ी सजा की मांग की थी। एजेंसी का कहना था कि आरोपी देश के खिलाफ गंभीर साजिशों और गतिविधियों में शामिल रही हैं, इसलिए उन्हें ऐसी सजा दी जानी चाहिए जो समाज में एक कड़ा संदेश दे और भविष्य में इस तरह के अपराधों पर रोक लगे। गौरतलब है कि तीनों आरोपियों को जुलाई 2018 में गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय तक चली सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया, जिसे देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ एक सख्त कानूनी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।



# राहुल गांधी एक अबोध बालक, वे एक नासमझ बच्चे की तरह हैं

### -गिरिराज ने विपक्ष के नेता पर कसा तंज, बोले- मोदी के नेतृत्व पर सबको भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अबोध बालक बताया और उन पर कोविड-19 महामारी के दौरान भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। गिरिराज ने कहा कि राहुल गांधी एक अबोध बालक हैं, वे एक नासमझ बच्चे की तरह हैं। मैंने जिक्र किया था कि कोविड काल में भी उनकी गतिविधियां देश में भ्रम फैलाने और लोगों को भड़काने से जुड़ी थीं। आज भारत के नेतृत्व और जनता को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गिरिराज सिंह ने कहा कि हमने कोविड-19 के खिलाफ सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ी। इस देश में अभी तक ईंधन की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। मैंने देखा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ा दी हैं। अब राहुल गांधी की आवाज कहां है? वे दूसरी जगहों पर इस बारे में शोर मचाते रहते हैं, वे यह क्यों नहीं पूछते कि वहां कीमतें क्यों बढ़ाई गईं? भले ही देश के पीएम मोदी ने कीमतें नहीं बढ़ाई हैं, जबकि अमेरिका, जापान और जर्मनी जैसे देशों ने बढ़ा दी हैं, प्रबंधन का मतलब ही यही है। इसीलिए मैं कह सकता हूं कि भारत को किसी भी चीज से कोई समस्या नहीं है, क्योंकि भारत की जनता में अपार आत्मविश्वास है। हम किसी भी आपदा को अवसर में बदल सकते हैं और चुनौतियों का डटकर सामना कर सकते हैं। इस देश की एकमात्र समस्या विपक्ष का नेता (एलओपी) है।



गिरिराज यह टिप्पणी विपक्षी नेता राहुल गांधी द्वारा पश्चिम एशिया की स्थिति के संबंध में पीएम मोदी के लोकसभा भाषण की आलोचना के बाद आई है, जिसमें राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर अमेरिका का नाम न लेने का आरोप लगाया और कहा कि वह ट्रम्प के 100फीसदी नियंत्रण में हैं। राहुल ने कहा कि मैंने सुना है कि पीएम मोदी ने 25 मिनट का भाषण दिया, लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि वे संसद में किसी बहस में भाग नहीं ले सकते क्योंकि वे समझौता कर चुके हैं। मोदी ने 25 मिनट तक भाषण दिया लेकिन अमेरिका के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा। पीएम मोदी पूरी तरह से ट्रंप के नियंत्रण में हैं।

राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी ने व्यापार समझौते के जरिए भारत के कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोल दिया है और चेतावनी देते हुए कहा कि यहां हमारे पास छोटे खेत हैं, जबकि अमेरिका में हजारों एकड़ में फैले बड़े-बड़े खेत हैं। यहां लोग हाथों से काम करते हैं, और वहां बड़े-बड़े मशीनों से काम होता है। अगर अमेरिकी सामान भारत आने लगे, तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। ये टिप्पणियां पीएम मोदी के लोकसभा में अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष पर दिए गए भाषण के बाद आईं।

## मोदी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है, उनका साम्राज्य जाने वाला है

### केजरीवाल बोले- आज चुनाव बेईमानी से जीते जा रहे, सबसे बड़ा उदाहरण मैं हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर 2026 पूरा नहीं कर पाएंगे। मेरा दिल और राजनीतिक समझ कहती है कि मोदी और अमित शाह जाने वाले है। केजरीवाल ने कहा कि मोदी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है। उनका साम्राज्य जाने वाला है। केजरीवाल ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की किताब लॉन्चिग के मौके पर दिल्ली में कही। इस दौरान दिग्विजय सिंह, कपिल सिब्बल और संजय सिंह समेत कई विपक्षी नेता मौजूद थे।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबक केजरीवाल ने कहा कि एक समय ऐसा होता था जब एक भी नेगेटिव कमेंट आता था तो इनकी पूरी मशीनरी मिलकर उसको डिलीट या म्यूट कर देती थी, लेकिन अब तो मोदी एक पोस्ट करते हैं तो नीचे कमेंट बॉक्स में सिर्फ गालियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब मोदीजी के खिलाफ कोई मीम बना देता था तो उसको जेल हो जाती थी, लेकिन अब इतने मीम बन रहे हैं कि किस-किस को जेल में डालेंगे। सोशल मीडिया का पूरा माहौल और इको-सिस्टम ही बदल चुका है। वही आपको बताता है कि मोदी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है।

बीजेपी के चुनाव जीतने पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव बेईमानी से जीते जा रहे हैं। उसका सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण मैं हूं। मैं नई दिल्ली विधानसभा से चुनाव लड़ा। मेरे जेल जाने से पहले मेरी विधानसभा में जब मैं पिछली बार लड़ा था तो 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं जेल से लौटकर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे। 42 हजार वोट इन्होंने पीछे से कटवा दिए। उन्होंने कहा कि ये इसी तरह से जीत रहे हैं। वोट जोड़ते हैं, डिलीट करवाते हैं और फर्जी वोट डलवाते हैं। जब देश को इन दोनों से मुक्ति मिलेगी तो एक संतुष्टि यह होगी कि इस लड़ाई में हमने भी योगदान दिया और हम भी जेल गए थे।

इससे पहले केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध से पैदा हालात को लेकर भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार में गिरावट है, एलपीजी की कमी से कई कारोबार प्रभावित हुए हैं और लोग गर्मी में सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े हैं। साथ ही प्रवासी मजदूरों के सामने रोजगार का संकट है और रुपया भी निचले स्तर पर पहुंच गया है। जब दुनिया को पहले से अंदेशा था, तो सरकार ने पहले से तैयारी क्यों नहीं की और हर संकट का बोझ आम लोगों पर ही क्यों डाला जाता है।

## अलवर: घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र की एसी फैक्ट्री में भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

**अलवर (एजेंसी)।** राजस्थान के अलवर जिले में स्थित नीमराणा के घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ स्थित ट्रांस एचसीआर नामक एयर कंडीशनर (एसी) बनाने वाली कंपनी में मंगलवार तड़के करीब 3 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते उसने पूरी फैक्ट्री को अपनी आगोश में ले लिया। रात के सन्नाटे में उठती आग की गगनचुंबी लपटें और काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से साफ देखा जा सकता था, जिससे आसपास के ग्रामीणों और अन्य औद्योगिक इकाइयों में भारी दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया। नीमराणा, बहरोड़, घीलोठ और सोतानाला से दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा क्योंकि फैक्ट्री के भीतर एसी निर्माण में प्रयुक्त होने वाला ज्वलनशील सामान,



प्लास्टिक पार्ट्स, पैकिंग सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भारी भंडार था। इस सामग्री ने ईंधन का काम किया, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। गनीमत यह रही कि हादसा देर रात हुआ जब फैक्ट्री में श्रमिक मौजूद नहीं थे, जिसके कारण एक बड़ा जानी नुकसान टल गया।

मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आग की लपटें इतनी तीव्र थीं कि फैक्ट्री की छत धधक उठी और परिसर के भीतर से रुक-रुक कर धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं। आशंका जताई जा रही है कि फैक्ट्री के अंदर रखे गैस सिलेंडर, कंप्रेसर या केमिकल कंटेनर अत्यधिक गर्मी के कारण फट गए, जिसने आग को और अधिक विकराल बना दिया। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, इस अग्निकांड में करोड़ों रुपये का कच्चा माल और कीमती मशीनरी जलकर राख हो गई है, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। आग के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम बुलाई जा रही है, जो शॉर्ट सर्किट, मशीनरी में तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसे बिंदुओं पर जांच करेगी। स्थानीय निवासियों और औद्योगिक संगठनों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए औद्योगिक क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने की मांग की है। फिलहाल, सुरक्षा के लिहाज से पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और स्थिति पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# ईरान की रणनीति देख भारत ने भी पिनाका रॉकेट लॉन्चर रेजिमेंट को ऑपरेशनल किया

### -इस 'देसी ब्रह्मास्त्र' में है कम समय में भारी तबाही मचाने की क्षमता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान की अमेरिका-इजराइल के खिलाफ चल रहे महायुद्ध ने इस चिंता को बढ़ा दिया है। इस वैश्विक तनाव और पाकिस्तान-चीन सीमा पर बढ़ते खतरे के बीच भारतीय सेना ने अपनी रक्षा क्षमता को और मजबूत करने की तैयारी तेज कर दी है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना ने एक और पिनाका रॉकेट लॉन्चर रेजिमेंट को ऑपरेशनल कर लिया है और इस साल के अंत तक एक और रेजिमेंट को शामिल करने की तैयारी में है। इससे सेना के पास अब 7 पिनाका रेजिमेंट हो गए हैं, जो पाकिस्तान और चीन सीमा पर तैनात हैं।

मीडिया रिपोर्ट में रक्षा सूत्रों ने हवाले से बताया गया है कि पिनाका के आठवें रेजिमेंट के लिए अब आधे से ज्यादा उपकरण प्राप्त किए चुके हैं और 2026 के अंत तक पूरी तरह ऑपरेशनल हो जाएगा। अगले साल दो और रेजिमेंट को शामिल करने की योजना है, जिससे कुल संख्या 10 हो जाएगी। भारतीय सेना का लक्ष्य 22 पिनाका रेजिमेंट बनाने का है, जिसमें नई लंबी दूरी वाली गाइडेड मिसाइलों से लैस संस्करण शामिल होंगे। ये पुरानी सिस्टम की जगह लेंगे और छोटे मिसाइल-ड्रोन के हमलों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

भारत की पाकिस्तान से सटी पश्चिमी सीमा और चीन से सटी उत्तरी सीमा पर हालात लंबे समय से संवेदनशील रहे हैं। खासतौर पर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद सेना ने अपनी आर्टिलरी ताकत को तेजी से मजबूत करने का फैसला लिया। भारतीय सेना ने तब भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, टाटा पॉवर और लार्सन एंड टुरबो के साथ करीब 2,580 करोड़ रुपए के छह पिनाका रेजिमेंट के लिए समझौता किया था। अब इनका तेजी से उत्पादन और तैनाती की जा रही है। ईरान-अमेरिका जंग में ड्रोन और मिसाइल स्वार्म अटैक की रणनीति देखते हुए सेना ने पिनाका को और अहम हथियार माना है। इस जंग में बड़े पैमाने पर रॉकेट, ड्रोन और प्रिसिजन स्ट्राइक सिस्टम का इस्तेमाल हो रहा है। यही वजह है कि भारत भी अपनी सेना को ऐसे हथियारों से लैस कर रहा है जो एक साथ कई लक्ष्यों को तेजी से निशाना बना सकें।

रिपोर्ट के मुताबिक पिनाका भारत का स्वदेशी मल्टी-बारेल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इस भारतीय सेना का 'देसी ब्रह्मास्त्र' कहा जाता है, क्योंकि यह कम समय में भारी तबाही मचाने की क्षमता रखता है। यह 122 मिमी रॉकेटों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली और सटीक है। पिनाका 12 रॉकेट एक साथ दाग सकता है और कुछ ही सेकंड में दुश्मन के बड़े इलाके को निशाना बना सकता है। इसकी रेंज 40 से 75 किलोमीटर तक है, जबकि इसके नए गाइडेड वर्जन 120 किमी तक सटीक हमला करने में सक्षम हैं।

आधुनिक युद्ध में छोटे ड्रोन और लो-कॉस्ट मिसाइलें बड़ा खतरा बनकर उभरी हैं। पिनाका का अपग्रेडेड वर्जन ऐसे लक्ष्यों के खिलाफ भी प्रभावी माना जा रहा है। इसकी एक रेजिमेंट में 18-24 लॉन्चर होते हैं, जो मिनटों में सैकड़ों रॉकेट दाग सकते हैं। यह छोटे ड्रोन और क्रूज मिसाइलों के स्वार्म अटैक का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। ईरान की तरह दुश्मन अगर सस्ते ड्रोन और



मिसाइलों से हमला करे तो पिनाका का सैल्वो दुश्मन के लॉन्चर और कमांड सेंटर को पहले ही नष्ट कर सकता है। इसका एक रॉकेट महज कुछ लाख रुपए में आ जाता है, जबकि दुश्मन की महंगी मिसाइल को रोकने वाले सिस्टम करोड़ों में होते हैं।

बता दें ईरान-इजरायल संघर्ष ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य के युद्ध पारंपरिक नहीं होंगे, बल्कि टेक्नोलॉजी आधारित होंगे, जहां मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट सिस्टम अहम भूमिका निभाएंगे। भारत इसी दिशा में अपनी सेना को तैयार कर रहा है, ताकि किसी भी संभावित खतरे का मुकाबला किया जा सके। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान की रणनीति देखते हुए भारत ने सही समय पर कदम उठाया है।

# राजस्थान सरपंच रेटिंग में चित्तौड़गढ़ जिले की शंभूपुरा ग्राम पंचायत रही फिसड्डी

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**शंभूपुरा।** हाल ही में प्रदेश के एक प्रतिष्ठित अखबार द्वारा प्रदेश में आगामी सरपंच चुनाव को लेकर वर्तमान सरपंचों के उनके कार्यकाल में किये गए काम को लेकर एक सर्वे किया गया जिसमें जिले में शंभूपुरा पंचायत फिसड्डी साबित हुई। सरपंच की तानाशाही से पिछले 6 साल में क्षेत्र के विकास को जैसे ब्रेक लग गया, ग्रामीणों ओर पूरे पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत एव विशेषकर स्थानीय सरपंच अजय चौधरी के खिलाफ खासा रोष है, जो इस वोटिंग में खुलकर सामने आया। हर पंचायत क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, नाली, घरों में शौचालय आदि प्रमुख मुद्दों पर प्रदेशभर में अपने अपने पंचायत क्षेत्र से जनता की राय चाही गई, जिसमे शंभूपुरा पंचायत जिले में टॉप 10 में नही आई और फिसड्डी साबित हुई।




### क्षेत्र के हालात खराब, स्वच्छता में शून्य

शंभूपुरा पंचायत में धरातल पर भी जाकर देखो तो गंदगी के सिवाय कुछ भी नहीं मिलेगा, जगह जगह कचरे के ढेर जहाँ गाये इसे खाने को मजबूर, आदित्य सीमेंट से हर समय पर सीएसआर मिलने के बावजूद सरपंच क्षेत्र में स्वच्छता की हालत नही सुधार पाए, क्षेत्र में ना कोई डंपिंग यार्ड, ना कचरा पात्र ओर ना ही स्वच्छता रथ ऑटो कभी चला जिससे क्षेत्र में गंदगी के अंबार ही देखने को मिलते है सफाई के नाम पर यह पंचायत इस पूरे कार्यकाल में शून्य ही रही है।

### नालियों की हालत खराब सफाई भी नही हो रही

क्षेत्र में शुरू से नाली सफाई को लेकर लोग परेशान रहे है, लेकिन ना सरपंच द्वारा इस ओर कभी ध्यान दिया गया ना सचिव ने कुर्सी से कभी उठकर क्षेत्र की स्थिति देखी, जगह जगह नालियां जाम, कही जगह नालियों का गन्दा पानी लोगो के घरों में जा रहा, कही जगह नालियां खुली होने से राहगीर परेशान बाबजूद इसके पंचायत पूरे कार्यकाल में उदासीन ही रही इसके सिवाय ओर कुछ नही किया।

### रोड लाइट उन्हीं के जिन्होंने वोट दिया

रोड लाइट में भी ग्राम पंचायत की द्वेषपूर्ण राजनीति मुख्य पटल पर रही, विशेषकर शंभूपुरा गांव में ग्रामीणों का कहना कि हमारे यहाँ हमने रोड लाइट की बोला तो सरपंच बोलता है आपने मुझे वोट दिया क्या जो लाइट लगवाउ, क्षेत्र में अधिकांश जगह पिछले 6 साल में भी रोड लाइट नही लग पाई।

### सड़को पर खड्डे नही खड्डों में सड़के

शंभूपुरा के इस 6 साल के कार्यकाल में लोगो ने सड़को पर खड्डे नही बल्कि सड़के ही खड्डे में देखी है, गली मोहल्लों की सड़कों पर पानी भरा है, मुख्य सड़के भी पंचायत 6 साल में नही बना पाई जिसके चलते इस कार्यकाल को लेकर क्षेत्र में रोष व्याप्त है।

### खराब पानी की सप्लाई से कई लोग बीमार हुए

कुछ समय पहले ही नल लाइन से खराब पानी की सप्लाई के चलते कई लोग बीमार हुए जिसके बाबजूद पंचायत मोन धारण कर बैठी रही जिससे भी आम जनता काफी खफा है।

### पंचायत ने तोड़ दी पाइप लाइन, पेयजल को परेशान क्षेत्रवासी

ग्राम पंचायत नाली कार्य के चलते पिछले डेढ़ महीने से अपने द्वारा ही टूटी पाइप लाइन को ठीक नही करवा पाई, ना नल कमेटी ने सुध ली, जिससे आमजन पेयजल को लेकर परेशान है, लेकिन लापरवाह पंचायत कानों में तेल डालकर बैठी है, जिससे क्षेत्र में इस वर्तमान कार्यकाल को लेकर खासा रोष है जिसका सीधा सीधा असर आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा इस बात से भी इनकार नही किया जा सकता है।

### कहने को खुले में शौच मुक्त धरातल पर हालत गम्भीर

शंभूपुरा ग्राम पंचायत कहने को तो काफी समय पहले से ओडीएफ यानी खुले में शौच मुक्त घोषित हो चुकी है लेकिन इस पंचायत की सच्चाई यह है कि यह आज भी पूर्ण रूप से खुले में शौच मुक्त नही है, इस अभियान में शुरू से ही खुलकर भ्रष्टाचार यहाँ हुआ है, एक पंचायत कर्मी ओर सचिव की मिलीभगत से फर्जी खाते में पैसे डलवाने, फर्जी नाम पर पैसे उठाने सहित कई फर्जीवाड़े हुए लेकिन भ्रष्टाचार का ये मामले शुरू से दबते आये और इस कार्यकाल में भी दबने से कही ना कही मिलीभगत की बू आ रही है, जिससे जिन लोगो को उनका हक मिलना चाइये वो इससे वंचित रहे।

### चहेतों से वोटिंग फिर भी फिसड्डी रह गई पंचायत

जानकार सूत्रों ने बताया कि स्थानीय सरपंच अजय चौधरी द्वारा अपने चहेतों से इस सर्वे में जमकर वोटिंग करवाई बावजूद इसके वो अपने कार्यकाल को लेकर फिसड्डी साबित हुए है, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसका सीधा सीधा सम्बन्ध लोग आगामी चुनाव से जोड़ रहे है।

## छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में आरोपी को 3 वर्ष की सजा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शाहपुरा थाना क्षेत्र में दर्ज एक महिला उत्पीड़न प्रकरण में माननीय अतिरिक्त सेशन न्यायालय (महिला उत्पीड़न प्रकरण), भीलवाड़ा ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के कारावास एवं 11हजार 5 सौ के अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रकरण के अनुसार, पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाना शाहपुरा में रिपोर्ट पेश कर बताया कि दिनांक 19 अक्टूबर 2020 को शाम के समय वह अपने खेत में कपास समेटकर गांठ बांध रही थी। उसी दौरान रिश्ते में उसके जेठ लगने वाला आरोपी दिनेश वहां पहुंचा और महिला को अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। पीड़िता ने विरोध करते हुए किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपनेसास-ससुर को दी। रिपोर्ट के अनुसार घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों द्वारा आरोपी को समझाइश दी गई, जिस पर आरोपी ने विवाद करते हुए मारपीट भी की। इस संबंध में थाना शाहपुरा में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ किया।

अनुसंधान के दौरान आरोपी के विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। मामले की सुनवाई माननीय न्यायालय में हुई, जहां अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट अदिति सेठिया ने प्रभावी पैरवी करते हुए 8 गवाह एवं 11 दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष की दलीलों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे 3 वर्ष के कारावास तथा 11 हजार 5 सौ अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया।

## बिजोलिया के राजकीय विद्यालय ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में परचम लहराया



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कल दिनांक 24 मार्च को दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया,जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय के छात्र कृष मेहर ने 93.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया।इसी के साथ सलोनी राठौर ने 84.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान ,नीलम कुमारी धाकड़ ने 83.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान,किरण बंजारा ने 82.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान एवं काली कुमारी मीणा ने 79.17 प्रतिशत अंक कर पंचम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के कुल 29 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की एवं 20 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहे। इसके साथ ही विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा एवं 6 बालिकाएं गार्गी पुरस्कार हेतु चयनित हुई है।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिलीप सिंह ने इसे विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। प्रधानाचार्य,समस्त स्टाफ एवं एसडीएमसी सदस्यों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय में नव प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## पेंशनरों का हक मांगने उठी आवाज



स्मार्ट हलचल


**पुष्कर/ अजमेर।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा पुष्कर द्वारा पेंशनर हितों को लेकर बुधवार को ज़बरदस्त पहल करते हुए उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर को ज्ञापन सौंपा गया। पेंशनर समाज ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रस्तावित पेंशनर हित विधेयक नियम 2025 उनके अधिकारों पर कुठाराघात है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान पेंशनरों ने एकजुट होकर अपनी नाराजगी जताई और सरकार से मांग की कि पेंशन से जुड़े नियमों में कोई भी बदलाव करने से पहले पेंशनरों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाए। संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष श्रीकांत पाराशर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पेंशनर उपखंड कार्यालय पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में 50 से अधिक पेंशनर उपस्थिति थे ।

## एफएमजीइ फर्जी सर्टिफिकेट मामले में एसओजी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व आरएमसी रजिस्ट्रार समेत 18 गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डॉ. राजेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वह राजस्थान मेडिकल काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार रह चुके हैं। यह गिरफ्तारी फर्जी एफएमजीसी सर्टिफिकेट और अवैध रजिस्ट्रेशन से जुड़े मामले में हुई है। एसओजी ने इस मामले में डॉ. राजेश शर्मा समेत कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मिलीभगत से फर्जी सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन जारी





किए गए, जिससे बिना योग्यता वाले लोगों को डॉक्टर के रूप में पंजीकृत कर दिया गया।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि डीआईजी पारिश देशमुख के नेतृत्व में राज्यभर में दबिश दी गई, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। एडीजी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा किया। गौरतलब है कि इस मामले की जांच के लिए 1 अक्तूबर 2024 को चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने 5 सदस्यीय कमेटी गठित की थी। अंतरिम रिपोर्ट में अनियमितताओं के संकेत मिलने पर डॉ. राजेश शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।

इस पूरे घोटाले का खुलासा एक मीडिया रिपोर्ट के जरिए हुआ था, जिसमें सामने आया कि करीब 98 फर्जी डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इनमें ऐसे लोग भी शामिल थे जिन्होंने न तो मेडिकल की पढ़ाई की थी और न ही इंटर्नशिप।

जांच में यह भी सामने आया कि आवेदकों ने फर्जी सर्टिफिकेट, एनओसी और अन्य दस्तावेज अपलोड किए थे। वहीं काउंसिल ने बिना उचित सत्यापन के जाली ई-मेल को वेरिफिकेशन के तौर पर फाइलों में जोड़कर रजिस्ट्रेशन जारी कर दिए। फिलहाल एसओजी मामले की गहन जांच में जुटी है और इस घोटाले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

## मिसेज गणगौर प्रतियोगिता एवं होली स्नेह मिलन का आयोजन

### चौधरी बनी मिसेज गणगौर

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शहर महिला मंडल के तत्वावधान में मिसेज गणगौर प्रतियोगिता एवं होली स्नेह मिलन का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्षमधु लोढ़ा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मंगलाचरण नृत्य से हुई, जिसमें गर्विता, शिशोदिया, आयुषी रुगलेचा, प्रियल सिंघवी एवं अक्षिता पोखरना ने आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके पश्चात स्वागत नृत्य में सरोज राका ,पुष्पा चोपड़ा, मेघा भंसाली एवं कविता जैन ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मिसेज गणगौर कार्यक्रम में लगभग 20 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों को संत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मिसेज गणगौर विजेता के रूप में पायल चौधरी चयनित हुई, वहीं फर्स्ट रनरअप डिंपल सिंघवी तथा सेकंड रनरअप अभिलाषा पानगढ़िया रहीं। तीनों प्रतिभागियों को ताज, सेस मोमेंटो गिफ्ट देकर के सम्मानित किया गया



विशेष श्रेणियों में भी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें बेस्ट हेयर स्टाइल का खिताब संगीता सुराणा को तथा बेस्ट मेहंदी का पुरस्कार अंजना सुराणा को प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रूपी देवी गर्ल्स कॉलेज की डायरेक्टर डॉ ज्योति वर्मा, तथा सिफ्ट कॉलेज की डायरेक्टर श्रीमतीअपर्णा श्यामसुखा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामूहिक नृत्य में डिंपल सिंघवी, जयश्री शिशोदिया, सुनीता बागचार जिम्मी बागचार, अर्पिता खमेसरा ने दर्शकों का मन मोह लिया। कोषाध्यक्ष रेखा डांगी ने बताया कि

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सुशीलाजी नाथू लाल जी छाजेड़ मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा जी पीपाड़ा, विमला देवी शांतिलाल जी खमेसरा, शांता देवी प्रभु लाल जी वीरवाल रहे। मंत्री अर्पिता खमेसरा ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक जिमी बागचार सहसंयोजक पिंकी कोठारी व ललिता पीपाड़ा रहे। इस अवसर पर संघ के संरक्षक राम सिंह जी चौधरी अध्यक्ष गोवर्धन सिंह कावड़िया मंत्री पारसमल कुकड़ा कोषाध्यक्ष सुनील नागौरी पूर्व अध्यक्ष आनंद जी पिपाडा दलपत डांगी, लक्ष्मी लाल जी खमेसरा,प्रदीप सिसोदिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे महिला मंडल संरक्षिका मंजू सिंघवी , प्रेम बाई खमेसरा सुशीला खमेसरा ऋषिका खमेसरा कोमल जैन रीना नागोरी, माया नागोरी, अलका कावडिया, नीता खटोड़ इंदिरा डांगी , इंदु खटोड़, रेखा पोखरणा, रेखा पानगढ़िया अभिलाषा पानगढ़िया अनिता झामड, मधु खमेसरा इंदिरा खमेसरा अनीता पीपाड़ा सहित मंडल की बहने उपस्थित रही

कार्यक्रम के अंत में होली स्नेह मिलन के तहत सभी उपस्थित बहनों ने स्नेहपूर्वक मिलकर सुंदर भोजन व्यवस्था का आनंद लिया। यह आयोजन सभी के लिए अत्यंत यादगार एवं आनंदमय रहा। कार्यक्रम का संचालन मधु लोढ़ा ने किया।

## मांडलगढ़: 'एक शाम चौथ माता के नाम' भजन संध्या में बही भक्ति की सरिता

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

कस्बे के चौथ माता मंदिर प्रांगण में 'एक शाम चौथ माता के नाम' भजन संध्या का भव्य और भक्तिमय आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में अपार जनसमूह उमड़ा और देर रात तक श्रद्धालु भक्ति की सरिता में गोते लगाते रहे। सुप्रसिद्ध गायकों की सुमधुर प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को चौथ माता की भक्ति के रंग में रंग दिया।

### सुप्रसिद्ध गायकों ने दी शानदार प्रस्तुतियां:

चौथ माता परिवार के सदस्य अक्षय भट्ट 'सूरज' ने बताया कि भजन संध्या में मेवाड़-राजस्थान के जाने-माने सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा, दिव्यांशु दाधीच और हेमराज ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अतिथियों का किया गया स्वागत-सत्कार:

भक्तिमय माहौल के बीच अतिथियों का भी सम्मान किया गया। चौथ माता परिवार के सदस्य शिव कुमार भट्ट, गणेश भट्ट, गोरधन लाल झंवर, अशोक वैष्णव,



आशुतोष भट्ट, सुमित भट्ट, ओम प्रकाश माली, आशीष टेलर और बल्लू व्यास ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों– पूर्व प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, पंचायत समिति सदस्य धनराज जाट और सरपंच रामजस शर्मा सहित सभी भक्तों व श्रद्धालुओं का स्वागत सत्कार किया।

### देर रात तक डटे रहे भक्त:

भजन संध्या में उमड़े अपार जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। माता के जयकारों और भजनों की गूंज के बीच कार्यक्रम देर रात तक अनवरत चलता रहा, जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर धर्म लाभ उठाया।

## अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** फूलियाकलां थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान देवरिया का खेड़ा गांव में संदिग्ध अवस्था में हाथ में तलवार लहराते हुए एक युवक दिखाई दिया।

पुलिस ने पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम परमेश्वर पिता मदन भील निवासी पनोतिया बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तलवार जब्त कर गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गश्त के दौरान हेड कांस्टेबल प्रभु सिंह, कांस्टेबल नर्सिंग और सांवरमल मौजूद रहे।

## किशनगढ़ में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़, पंचर की दुकान से चल रहा था खतरनाक खेल

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल एक साधारण टायर पंचर की दुकान की आड़ में चल रहा था। पुलिस ने मौके से 5 अवैध हथियार सहित बड़ी मात्रा में हथियार बनाने का सामान बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं के तहत यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज राजेंद्र सिंह चौधरी के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला



व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. दीपक कुमार शर्मा के सुपरविजन में की गई। अभियान का नेतृत्व सीओ सिटी आईपीएस अजेय सिंह राठौड़ ने किया, जिनकी रणनीति से यह बड़ा खुलासा संभव हो सका।

आईपीएस अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि आसूचना के आधार पर थाना बांदरसिंदरी क्षेत्र के ग्राम कांकनियावास में आरोपी मोहम्मद रोशन की पंचर की दुकान पर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान दुकान के भीतर अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी संचालित होती पाई गई। पुलिस ने यहां से एक नवनिर्मित टोपीदार बंदूक, एक पुरानी बंदूक, तीन अर्धनिर्मित देशी कट्टे और पांच नाल सहित भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए।

### मशीनें, बारूद और टूलकिट भी जब्त

मौके से ग्लेंडर, ड्रिल मशीन, वेल्डिंग मशीन, बारूद, सीसे के छर्रे और हथियार बनाने में काम आने वाले कई कलपुर्जे भी जब्त किए गए। पुलिस ने सभी सामग्री को कब्जे में लेकर आरोपी को आर्म्स एक्ट की धाराओं सहित संगठित अपराध में गिरफ्तार किया है।

### बीआरसी गैंग से जुड़े तार, जांच जारी

आईपीएस अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि जांच मे आरोपी का संबंध बीआरसी गैंग से सामने आया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन हथियारों की सप्लाई कहां और किन लोगों तक की जा रही थी। नए आपराधिक कानून के तहत संगठित अपराध की धाराएं भी जोड़ी गई हैं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। इस कार्रवाई में वृताधिकारी आयुष वशिष्ठ, थानाधिकारी दयाराम, एएसआई रोशन लाल, हेड कांस्टेबल राजूराम, सांवरलाल, कालूराम और करतार की अहम भूमिका रही। विशेष रूप से सांवरलाल और कालूराम का योगदान सराहनीय रहा, जिनकी सक्रियता से पूरी कार्रवाई सफल हो सकी।

## 10 हजार का ईनामी वांछित गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

गुलाबपुरा पुलिस ने डीएसटी भीलवाडा व साईबर सेल टीम के के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया और मादक पदार्थ तस्करी के मामले मे वांछित 10 हजार के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है । आरोपी मुकेश कुमार गुर्जर काफी समय से फरार चल रहा था जिसे टीम ने अथक प्रयास कर पकड़ा । एसपी धर्मेन्द्र सिंह भीलवाड़ा के आदेशानुसार जिले में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शाहपुरा एएसपी राजेश आर्य के निर्देशन में व जितेन्द्र सिंह पुलिस उप अधीक्षक वृत गुलाबपुरा के निकटतम सुपरविजन में विशेष टीम गठित की । जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी संजय कुमार ने किया । इस टीम में डी.एस.टी. व साईबर सेल से एक विशेष टीम का गठन किया गया। दिनांक 18.05.2024 को हंसपालसिंह उ.नि. तत्कालीन थानाधिकारी थाना आसीन्द द्वारा गश्त के दौरान ट्रेलर में सीमेंट के कट्टों के नीचे छिपाये गये 109 डोडा चूरा के कट्टों मे कुल 22 क्विंटल डोडा चूरा जप्त कर मामला दर्ज किया था जिसमे वांछित आरोपीयों की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया। गठित टीम ने मुखबीर व तकनीकी माध्यमों से वांछित आरोपी का पिछा करते हुये अवैध मादक पदार्थ परिवहन के मामले में इनामी अपराधी मुकेश गुर्जर पिता मांगीलाल गुर्जर उम्र 26 साल निवासी तोरनिया थाना पारसोली जिला चितौडगढ को गिरफ्तार किया । उक्त मामले मे पांच आरोपी पूर्व मे गिरफ्तार किये जा चुके है। गठित टीम में गुलाबपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार, सत्यनारायण शर्मा स.उ.नि. साईबर सेल, एचसी ओमप्रकाश डी.एस.टी., राधेश्याम साईबर सेल शामिल थे।

# श्री बाणमाता शक्तिपीठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर हवनात्मक दुर्गापाठ, रुद्राभिषेक महाआरती का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था धाम श्री बाणमाता शक्तिपीठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को पाटोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन बाणमाता शक्तिपीठ की प्रसिद्धि और श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। शक्तिपीठ विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शक्तिपीठ पर द्वितीय पाटोत्सव के तहत पंडित बनवारी लाल जी शर्मा के सानिध्य में पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनात्मक दुर्गापाठ, रुद्राभिषेक और महाआरती का आयोजन मातारानी के जयकारों के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन बुधवार को किया गया है, जो नवरात्रि के सातवीं दिन है, माता की पूजा की गई। इस आयोजन में मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है और भक्तजन माता की पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं। शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र महोत्सव के तहत हवनात्मक दुर्गापाठ और रुद्राभिषेक के माध्यम से माता की विशेष पूजा की गई है। जिससे भक्तों को आध्यात्मिक शांति और सुख-समृद्धि कामना की। यह आयोजन नवरात्रि के दौरान माता की पूजा और आशीर्वाद प्राप्त किया गया। नवरात्रि के दौरान, माता के नौ रूपों की पूजा की जाती हैं। इस दौरान, भक्तगण उपवास, दैनिक प्रार्थना, मंत्रोच्चार, कन्या पूजन और दान-पुण्य करते हैं।





### महोत्सव के प्रमुख आगामी कार्यक्रम:

26 मार्च, गुरुवार को अष्टमी: महारात्र जागरण में श्रद्धालुओं के लिए रात भर विशेष दर्शन व्यवस्था रहेगी। भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक पूरण गुर्जर, युवराज वैष्णव, सोनू भीलवाड़ा और अनु पांचाल अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

### 27 मार्च को छप्पन भोग और विसर्जन:

महोत्सव का समापन: 27 मार्च (समापन): प्रातः 11:15 बजे माता की छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12:15 विशाल शोभायात्रा निकालकर मेनाली नदी पर पाती विसर्जन होगा और महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

### लकवा ग्रस्त रोगियों के लिए निशुल्क सेवा:

संस्थान द्वारा एक अनुकरणीय पहल करते हुए लकवा ग्रस्त रोगियों के लिए नियमित रूप से निशुल्क नाश्ते और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अध्यक्ष शर्मा ने इस पुनीत कार्य के लिए दानदाताओं से सहयोग की अपील की है। इस महोत्सव में राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं।

## भोपाल क्लब को बड़ी राहत, हाईकोर्ट का आदेश–प्रशासन को झटका

### क्लब को पूर्व जैसे सभी अधिकार बहाल

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा




भोपाल क्लब की विवादित संपत्ति को लेकर चल रहे प्रकरण में कुलदीप माथुर, माननीय न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में दिनांक 06.03.2026 को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) एवं प्रधान सचिव, भोपाल क्लब द्वारा पारित आदेश तथा 09.03.2026 को नगर निगम आयुक्त, भीलवाड़ा द्वारा पारित आदेश–जिनके तहत भोपाल क्लब की संपत्ति का कब्जा लिया गया था–उनके प्रभाव एवं क्रियान्वयन पर रोक (स्टे) लगा दी है। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आगामी आदेशों तक उक्त संपत्ति का उपयोग महात्मा सरकारी अस्पताल के लिए पार्किंग सुविधा विकसित करने हेतु नहीं किया जाएगा। प्रकरण में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहन भंसाली एवं अनुष्का जैन द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय के इस आदेश के परिणामस्वरूप भोपाल क्लब को पूर्व की भांति सभी अधिकार बहाल कर दिए गए हैं । इस निर्णय से प्रशासन को झटका लगा है, वहीं क्लब प्रबंधन और सदस्यों में संतोष का माहौल है।

## छात्रा अनु रेगर ने दसवीं बोर्ड में 93.50% अंक प्राप्त किये

स्मार्ट हलचल



**बेरा।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं का रिजल्ट जारी कर दिया इस साल दसवीं बोर्ड में राजस्थान में भीलवाड़ा का रिजल्ट 94.59 रहा इसमें अनु रेगर ने 93.50% अंक हासिल कर टॉपर व दितीय स्थान पर प्रीति कुमावत 88.67 दशरथ कुमावत व तृतीय स्थान पर बद्री खारोल रहे। कूल 44 छात्रों में से 23 प्रथम श्रेणी और 21 द्वितीय श्रेणी से अंक प्राप्त किए । विद्यालय के प्रधानाचार्य उषा ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 के परिणाम में रूपाहेली खुर्द विद्यालय की छात्रा ने 93.50 अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार समाज एवं भीलवाड़ा जिले का नाम रोशन किया जैसे ही राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से दसवीं बोर्ड का परिणाम घोषित किया गया । विद्यार्थी अपने-अपने परिणाम ढूंढने में जुट गए । अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभचिंतक बधाई दे रहे है।

## मंगरोप की तनिषा खटीक ने 10वीं बोर्ड में 89.50% अंक पाए

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** कस्बे की महात्मा गांधी बालिका स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा तनिषा खटीक ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तनिषा की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है और सभी ने उसे बधाइयां दीं।विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 61 छात्राओं ने भाग लिया।इनमें से 50 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की,जबकि 11 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी हासिल की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम सराहनीय और प्रेरणादायक रहा है।इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार तेली,व्याख्याता जाकिर हुसैन, ऊषा खटीक, कमला जीनगर, सुमित्रा जाट, अध्यापिका बबीता आसवानी, रामनारायण माली, शारीरिक शिक्षिका रेखा खटीक, व्यावसायिक शिक्षक बादल करसौलिया एवं कंप्यूटर अनुदेशक निशा रावत सहित समस्त स्टाफ ने छात्रा का मुंह मीठा करवाकर उज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्या ने बताया कि तनिषा की अन्य पांच बहनें भी पढ़ाई में बेहद मेधावी रही हैं।तनिषा से बड़ी तीन बहनों ने भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है।अन्य छोटी दो बहनें भी पढ़ने में बहुत होशियार है।तनिषा के पिता प्रहलाद खटीक,जो भंगार व्यवसाय से जुड़े हैं,ने बताया कि उनकी छह बेटियां हैं और उन्हें अपनी बेटियों पर गर्व है।उन्होंने कहा कि भले ही वे स्वयं उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके,लेकिन वे अपनी सभी बेटियों को शिक्षित और सफल बनाना चाहते हैं।वहीं,गृहिणी माता शोभा देवी ने बताया कि वे अधिक पढ़ी-लिखी नहीं हैं, फिर भी अपनी बेटियों को निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित करती रहती हैं।छात्रा तनिषा खटीक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन को दिया है।तनिषा की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं।यदि इरादे मजबूत हों और कुछ हासिल करने की दृढ़ इच्छा हो,तो हर मंजिल आसान हो जाती है।

तनिषा की इस उपलब्धि से पूरे मंगरोप क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है तथा अन्य छात्राओं को भी इससे प्रेरणा मिल रही है।



## राजकीय महाविद्यालय बनेड़ा में नवसंवत्सर समारोह का आयोजन



स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) की स्थानीय महाविद्यालय इकाई की ओर से बुधवार को महाविद्यालय में नवसंवत्सर समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्वलन, संकाय सदस्यों एवं उपस्थित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं मौली बांधकर की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. कन्हैयालाल मीणा ने अपने उद्बोधन में नवसंवत्सर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवसंवत्सर हमारी समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इकाई सचिव सुबोध कुमार शर्मा ने संगठन द्वारा नवसंवत्सर मनाने का औचित्य बताते हुए कहा कि भारतीय पंचांग पर आधारित नव वर्ष हमें नवीन उर्जा तथा सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम संचालन संकाय सदस्य श्रीमती ज्योति रानी रिठोदिया ने किया।

कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सदस्य मीनाक्षी शर्मा, सीताराम, शिवराज गोठवाल, मानसिंह राणावत, ऋतुराज टोंग्या, राजकुमार मीणा, अमृतलाल जीनगर तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मेगा पीटीएम में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



स्मार्ट हलचल|काछोला

कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) काछोला में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 10 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

विद्यालय की छात्रा रेनू धाकड़ ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि लक्ष्मण गुर्जर व शिवम माली ने 91.67 प्रतिशत, प्रियंका सोडाणी ने 90.83 प्रतिशत तथा अक्षत मंत्री ने 90.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र सुथार एवं जग जितेंद्र सिंह,भाजपा नेता संदीप सोनी,संस्था प्रधान सोनिया स्वर्णकार सहित अन्य अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं आशीर्वचन प्रदान किए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों व स्टाफ को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य अभिषेक माहेश्वरी, विष्णु सोनी एवं दुर्गा पारीक ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को 500-500 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही अन्य कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी विद्यालय पुर का पांचवी, आठवीं, दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत, परिणाम की अभिभावकों ने सराहना की

स्मार्ट हलचल

**गुरला।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुर में मेघा पीटीएम आयोजित कर स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। बड़ी संख्या में आए अभिभावकों का विद्यालय परिवार द्वारा उमेश मेहता, रामजस रेगर, सावित्री वैष्णव, संगीताव्यास ने तिलक लगाकर , उपरना पहना कर सम्मान किया। मेघा पीटीएम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने कहा कि इस वर्ष विद्यालय का पांचवी, आठवीं, दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। तथा अधिकतम बच्चे प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रखर व प्रबल कार्यक्रम के तहत वर्ष पर्यंत बालकों को धारा प्रवाह पठन व विचार अभिव्यक्ति का अभ्यास करवाया गया। जिसकी शत प्रतिशत उपलब्धि रही। प्रवेश प्रभारी कुलदीप सिंह, राजेश शर्मा, ने प्रवेश के ऑनलाइन प्रथम चरण के बाद कक्षा वार रिक्त सीटों की जानकारी देते हुए जल्दी से जल्दी ऑनलाइन आवेदन करवाने का आग्रह किया। शारीरिक शिक्षिका मीना सिंघवी,ने अभिभावकों को अपने बालकों पर व्यक्तिगत ध्यान देने एवं समय-समय पर विद्यालय आकर छात्रों की उपलब्धि की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। अभिभावकों ने विद्यालय की उपलब्धियों के लिए प्रधानाचार्य सहित समस्त विद्यालय परिवार की कर्तव्य निष्ठा की सराहना की। मेघा पीटीएम के सफल आयोजन में भावना शर्मा, सपना बलाई, बैनाथ बैरवा, अक्षय बिश्नोई, अनिल चौधरी, प्रज्ञा नाहर का विशेष योगदान रहा।



## विश्व क्षय दिवस टीबी को खत्म करने के संकल्प के साथ मनाया



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** क्षेत्र के बनकाखेड़ा में बुधवार को विश्व क्षय दिवस मनाया गया । इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य टीबी ( तपेदिक ) जैसी घातक संक्रामक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए वैश्विक प्रयासों को तेज करना है । आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय के प्रभारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया की इस वर्ष की थीम 'हाँ! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं' रखी गई है । यह विषय आशा, नेतृत्व और टीबी को हराने के लिए सामूहिक कार्रवाई पर जोर देता है । इस अवसर पर औषधालय मे संगोष्टि आयोजित की गयी, इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे बच्चो को गांव को टीबी से मुक्त करने की शपथ दिलाई गयी । बनकाखेड़ा गांव आयुष्मान आदर्श गांव मे भी चयनित है और वर्तमान मे गाव टीबी मुक्त है । इस अवसर पर नर्स लाड़ आचार्य, एएनएम आशा धोबी, आशा सहयोगिनी गायत्री, सीमा, विमला और जुबेदा, परिचारक शांता देवी और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के फायदे बता स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** मंगलवार को राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता (सीएपी) इकाई की ओर से वार्ड नंबर 2 स्थित गुर्जर चौक, कुम्हार मोहल्ला व मेलोनी कॉलोनी में आमजन के साथ बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं को फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) और फीकल स्लज एवं सेप्टेज मैनेजमेंट (एफएसएसएम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में सहायक सामाजिक विकास अधिकारी रेखा खटीक ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को एकत्रित कर रायपुर रोड, नेहरू नगर में निर्माणाधीन एफएसटीपी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जहां इसका वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर खाद में परिवर्तित किया जाएगा। इस खाद का उपयोग खेती में किया जा सकेगा, जिससे न केवल गंदगी से निजात मिलेगी बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ई-श्रम कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए बताया गया कि घरों व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने, नालियों में कचरा न डालने और मच्छर-मक्खियों से बचाव करने से मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है।

समूह चर्चा के माध्यम से महिलाओं को स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी महिलाओं ने अपने मोहल्ले को स्वच्छ रखने की शपथ ली।

इस अवसर पर किरण शर्मा, मोनिका, चंद्रकांता, कंकु रानवा, रेखा प्रजापत एवं मीना सुथार सहित कई महिलाओं का सहयोग रहा।



## कांग्रेस ओबीसी विभाग के जाट बने जिला अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल|पुर



उप नगर पुर के भंवर जाट को कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा के पद पर नियुक्त किया गया। चैयरमेन अनिल जिंदल ने जिला अध्यक्ष की घोषणा करते हुए कांग्रेस जिला ओबीसी विभाग भीलवाड़ा शहर का जिला अध्यक्ष भंवर लाल जाट (पुर) को नियुक्त किया। भंवर लाल जाट को ओबीसी विभाग का जिला अध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

## सवाईपुर विद्यालय में मेघा पीटीएम में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार दसवीं बोर्ड का परिणाम घोषित किया गया, जिसका परिणाम शत-प्रतिशत रहा । विद्यालय में आयोजित हुई मेघा पीटीएम में सम्मिलित किया गया । प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया दसवीं बोर्ड सहित अन्य कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा । कक्षा 11वीं ए में मनभर सुथार ने 86.30, अपूर्वा बैरागी ने 78.10 व साजिद हुसैन मंसूरी ने 77.10 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । 11वीं भी में प्रियांशी शर्मा ने 92.10, कोमल जाट 83.60 व अमन जाट ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । 11वीं सी में दीपक जाट ने 84.80, विकास जाट ने 77.07 व उपासना श्रोत्रिय ने 76.10 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । बोर्ड 10 वीं ए में मैना जाट ने 85.33, रोहिन श्रोत्रिय ने 84.50 व आयुष श्रोत्रिय ने 77.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । 10 वीं बी में दीपिका कंवर ने 86.50, राधा जाट ने 74.83 व हिमांशु बैरवा ने 73.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । कक्षा 9वी ए में अंजलि सुथार ने 90.08, चेतन सिंह राठौड़ ने 82.17 व क्रिंजल श्रोत्रिय ने 81.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । 9 वीं बी में कोमल जाट 70.33, समोक जाट 63.75 व वर्षा कंवर पुरावत 63.58 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । कक्षा छठी में देवकिशन जाट ने 91.16, ममता जाट ने 85.25 व खुशी जाट ने 83.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । कक्षा 7वीं में आयुष वैष्णव ने 82.67, किशन लाल प्रजापत 82.50 व मधुसूदन जाट और लक्की माली ने 82.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किये । इन सभी विद्यार्थियों को प्रशासक किशन लाल जाट, समाजसेवी शांतिलाल आचार्य, श्याम सुंदर श्रोत्रिय व रामकुमार जाट ने दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।



## नखराली गणगौर इवेंट आयोजित, पारंपरिक राजस्थानी पोशाक में सजी महिलाएं

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन व एडवोकेट स्नेह परिवार के संयुक्त तत्वावधान मे गणगौर महोत्सव के उपलक्ष मे नखराली गणगौर इवेंट का आयोजन महेश वाटिका, महेश स्कूल मे आयोजित हुआ। एडवोकेट स्नेह परिवार की कार्यक्रम संयोजक वंदना चोखड़ा ने बताया कि सर्वप्रथम ईसर जी और गणगौर माता की सवारी को उपस्थित मातृशक्ति द्वारा विधि विधान से गीत गाते हुए आयोजन हॉल तक लेकर आये इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि भगवती शर्मा, मनोरमा बारू व सुनीता कंवर राठौड़ आरती कंवर शेखावत तथा मुख्य अतिथि वंदना आमेटा,राजेश्वरी शर्मा, अनीता व्यास, वनिता कंवर पंवार चंदा कंवर गहलोत द्वारा ईसर जी व गणगौर माता की पूजा कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, उसके पश्चात उपस्थित मातृशक्ति को मान्यता कँवर गौड़, नीलम कंवर सोलंकी, मोहिनी कँवर, यशस्वी कँवर द्वारा तिलक लगाकर, लच्छा बांधकर व मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया।

रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की संस्थापक निशा कँवर गौड़ ने बताया कि इवेंट मे सभी महिलाए पारम्परिक राजस्थानी पोशाक मे सज-धज कर आई7 कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। सर्वप्रथम 3 साल से 10 साल तक की बच्चियों का रेम्प वॉक आयोजित हुआ विजयी प्रतिभागी को गिफ्ट देकर सम्मानित किया7 इसके पश्चात 10 साल से 18 साल तक की बच्चियों का रेम्प वॉक आयोजित हुआ जिसमे मिस गणगौर पूजा कँवर बनी व रावणा राजपूत समाज की महिलाओ द्वारा आयोजित रेम्प वॉक मे सूर्याशी कँवर पंवार मिसेज़ गणगौर बनी7 एडवोकेट स्नेह परिवार की ओर से आयोजित मिस गणगौर प्रतियोगिता मे मिस गणगोर एडवोकेट खुशबु और मिसेस गणगोर एडवोकेट पूजा सुवालका बनी7 मिस और मिसेज़ गणगौर को नखराली गणगौर ख़िताब से व मोमेंटो, ऊपरना, क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम मे विभिन्न प्रतियोगिताये आयोजित की गई जिसमे एडवोकेट स्नेह परिवार की ओर से बेस्ट ड्रेस भगवती कोली बेस्ट गेट्प मे श्वेता माहेश्वरी बेस्ट श्रंगार अनिता व्यास व सुनीता सुवालका, पूजा लोदवाल रही7 बेस्ट दोहा मे निशा चंदेल रही व रावणा राजपुत मातृशक्ति संगठन से बेस्ट चूड़ा प्रतियोगिता मे हेमलता कंवर नरूका तथा बेस्ट फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी मे मान्यता कँवर गौड़ विजयी रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो, ऊपरना व परितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे सुनीता कँवर राठौड़, नीलम कँवर सोलंकी, वनिता कँवर पंवार, सीमा कँवर, मोहिनी कँवर, सोनू कँवर, मीनू कँवर व एडवोकेट स्नेह परिवार से वंदना आमेटा, ममता दाधीच, राजेश्वरी शर्मा, अनिता व्यास, भगवती कोली, संध्या चतुर्वेदी मातृशक्ति ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग किया।

# पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना के नेतृत्व में महंगाई व ऊर्जा संकट के विरोध में कांग्रेसजनों का प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा






प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, रसोई गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि तथा पेट्रोलियम पदार्थों की संभावित कमी के विरोध में निंबाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसजनों द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम निंबाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त आह्वान पर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी, निंबाहेड़ा के माध्यम से प्रधानमंत्री, भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देश में गहराते ऊर्जा संकट एवं आम नागरिकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। ज्ञापन में बताया गया कि रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में लगातार वृद्धि से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यहां तक कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी भी गैस सिलेंडर रिफिल कराने में असमर्थ हो रहे हैं। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कमी एवं आपूर्ति श्रृंखला में आ रही बाधाओं के कारण पेट्रोल-डीजल की संभावित कमी का भय भी लोगों में व्याप्त है, जिससे आमजन में असुरक्षा का माहौल बन रहा है।

कांग्रेसजनों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण परिवहन महंगा हो गया है, जिसका सीधा असर आवश्यक वस्तुओं–फल, सब्जी एवं अनाज–की कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे महंगाई का दुष्चक्र लगातार गहराता जा रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख मांगें रखी गईं– रसोई गैस की कीमतों पर तत्काल नियंत्रण करते हुए सब्सिडी व्यवस्था को पुनः प्रभावी बनाया जाए। पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु वैकल्पिक स्रोतों एवं रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जाए।

ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाकर कीमतों में पारदर्शिता एवं एकरूपता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आमजन महंगाई की मार से कराह रहा है और ऊर्जा संकट की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही आम जनता को राहत नहीं दी गई, तो कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन को और तेज करेगी।

इस अवसर पर निंबाहेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पत लाल धाकड़, कार्यकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोपराज टांक, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, निंबाहेड़ा नगरपालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, चित्तौड़गढ़ ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झंवर, निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गोपाल जाट, महासचिव रामगोपाल वैष्णव, मनोहर सिंह मीणा, सचिव नुसरत खान, आईदान गड़वी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन, विक्रम अहीर, सूर्य प्रकाश सोलंकी, आजाद बापू, कमलेश धाकड़, जीवन आंजना, गुलाब धाकड़, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सोलंकी, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, किसान कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकित जाट, छोटी सादड़ी क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष श्यामलाल धाकड़, युवा कांग्रेस नेता नंदकिशोर जणवा, ओबीसी कांग्रेस प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष मुकेश माली, सेवादल ब्लाक मुख्य संगठक उदित कुमार मीणा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, एस सी प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष ललित पहाड़िया, ओबीसी प्रकोष्ठ के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद गुर्जर, कांग्रेस एस सी प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष रविंद्र मेघवाल, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष दीपक धाकड़, ब्लॉक अध्यक्ष भंवरसिंह शक्तावत, नगर अध्यक्ष राहुल सेन, निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष चांदमल विरानी, शमशू कमर मंसूरी, महासचिव मनीष जारोली, जावेद खान, सचिव धीरज नगरिया, बाबूलाल आचार्य, आशीष अग्रवाल, प्रवक्ता नितेश लोट, रवि जाजपुरा, ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता बालकिशन अहीर आईटी सेल सह संयोजक ललित पंचोली, कार्यकारिणी सदस्य जहांगीर हुसैन मंसूरी एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अच्छू खान, पूर्व नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जाहिद खान बैट्री वाले, पारस आंजना, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नाथूलाल जटिया, रतनलाल डांगी, पूर्व सरपंच रामेश्वर लाल शर्मा, तुलसीराम धाकड़, रमेश धाकड़, गजेंद्र पालीवाल, गोपाल रूल, देवीलाल मीणा पूर्व उप सरपंच शंभुलाल कुमावत, सुरेश मेघवाल, पूर्व पार्षद उदयराम पहाड़िया, रामचंद्र बामणिया, कालू कुमावत, राजेश सांड, मानक साहू, एवं एडवोकेट बाबूलाल पाटीदार, भंवर लाल मेनारिया, नितेश आंजना, हजारीलाल मेघवाल, रशीद खान, सी पी चारण, रामस्वरूप जाट, मंसूर अली बोहरा, सुरेश जाट, किशन मेष, शरीफुद्दीन मंसूरी, जुगल धाकड़, यशवंत धाकड़, श्रीनिवास नायमा, कालूराम अहीर, उदयराम अहीर, रमेश अहीर, उदयलाल कुमावत, कनेरा युवा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल मेघवाल मिट्ठू लाल धाकड़, कंवर लाल धाकड़, दिनेश धाकड़, कैलाश आर्य, विकास धाकड़, गुलशेर खान, सुनील बेनीपुरिया, संजय उपाध्यक्ष, नारायण लाल डांगी, श्रवण आंजना, रोहित राठौड़, दिलखुश मीणा, अजय सिंह राजपूत, करण जीनगर, उबैद खान, सिद्धार्थ साहू, हरिकिशन माली, आदित्य पहाड़िया, लच्छू गवारिया, अनिल कुमावत, पंकज आंजना, विजय गंधर्व, लखन अहीर, राजेश अस्तौलिया, बद्रीलाल पुरबिया, सुरेश सेन, मुकेश सेन आशुतोष टांक, बंटू जाट, देवीलाल गायरी, मूलचंद गायरी, दिनेश मेघवाल, राजेश चारण, किशोर शर्मा, अंकित जाट, मुकेश धाकड़, दिलीप सिंह, दिनेश बैरागी, सीताराम किर, बगदी राम गायरी, कन्हैयालाल सुथार, पंकज कुमावत, गौतम शर्मा, सुनील जाट, मुकेश जाट, रतन सिंह, सुरेश जाट, शंभुलाल डांगी नावेद शेख, जयदीप बाबेल, शाहिद खान, इदरीस गोरी, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संजय आमेटा बने अखिल भारत हिन्दू महासभा के उदयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

अखिल भारत हिन्दू महासभा के संगठन विस्तार के तहत संजय आमेटा को उदयपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान पवन कुमार पुनिया ने आमेटा को बधाई देते हुए कहा कि उनका संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समर्पण संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आमेटा के नेतृत्व में संगठन उदयपुर ग्रामीण क्षेत्र में और अधिक सशक्त होगा तथा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भी आमेटा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं संजय आमेटा ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में ओड महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम ओड की मौजूदगी रही। साथ ही खेमली क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें बजरंग दल संयोजक किशोर आमेटा, दिलीप गर्ग, शिव सिंह राठौड़, जय भवानी मित्र मंडल के अध्यक्ष अमरेश आचार्य, दयाल पुरी, लोकेश लोहार, अशोक लोहार, दिनेश खटीक, सूरज खटीक एवं रवि सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पारम्परिक दुग्ध उत्पादों का निर्माण एवं उद्यमिता विकास' प्रशिक्षण सम्पन्न

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस, डबोक, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय), उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय 'पारम्परिक दुग्ध उत्पादों का निर्माण एवं उद्यमिता विकास' प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज गरिमामय विदाई समारोह के साथ हुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस, प्रो. गजेन्द्र कुमार माथुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. गोपाल लाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन एवं प्रशिक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण से हुआ, जिसे नोडल अधिकारी प्रो. इन्द्रजीत माथुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने तीन दिवसीय प्रशिक्षण की गतिविधियों, उद्देश्यों तथा उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में 40 पशुपालक महिला किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल लाल ने अपने उद्बोधन में महिला पशुपालकों की भूमिका को भारतीय अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दुग्ध क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में उल्लेखनीय योगदान देता है। उन्होंने भाकृअनुप-द्वारा देशभर में संचालित विभिन्न शोध एवं प्रशिक्षण पहलों की जानकारी देते हुए किसानों एवं महिलाओं को इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. गजेन्द्र कुमार माथुर ने प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने अपने संदेश के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रेषित किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रधान अन्वेषक प्रो. नारायण सिंह सोलंकी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सौरभ राठौड़ द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. आनन्द सिंह जोधा, डॉ. अरुणा परिहार, सुश्री दामिनी, डॉ. भावना सिंह तथा सुश्री सोनिया जैसवानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं नई ऊर्जा के साथ हुआ, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने सीखी गई तकनीकों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

# आबकारी विभाग का विशेष निरोधात्मक अभियान, अवैध मदिरा पर कार्रवाई - वॉश नष्ट, हथकड़ शराब जब्त

स्मार्ट हलचल|उदयपुर



आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश की कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश, भट्टियां नष्ट करते हुए अवैध मदिरा को जब्त किया गया।

आबकारी आयुक्त श्री नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। हनुमानगढ़ जिले में आबकारी थाना हनुमानगढ़ एवं संगरिया ने संयुक्त कार्रवाई कार्रवाई करते हुए पन्नीवाली, फतेहपुर, अमरपुरा थेड़ी में 1200 लीटर वॉश नष्ट किया। चुरू में आबकारी निरोधक दल ने 82 पव्वे देशी मदिरा एवं 12 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की। नागौर के परबतसर में पड़त दुकानों के क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई कर 500 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 10 लीटर हथकड़ शराब बरामद की। मौके पर 2 अभियोग दर्ज किए। चित्तौड़गढ़ जिले में आबकारी थाना क्षेत्र निम्बाहेड़ा में नाकाबंदी के दौरान ईको वेन से देशी मदिरा सादा के 8 कार्टन, देशी मदिरा लॉयन सादा के 4 कार्टन, बीयर टुबोर्ग स्ट्रोंग प्रिमियम के 2 कार्टन सहित 14 कार्टन शराब एव बीयर बरामद कर वाहन चालक पुसलाल प्रजापत के विरूद्ध अभियोग दर्ज किया गया। इस संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बांसवाड़ा जिले में आबकारी थाना क्षेत्र बांसवाड़ा व कुशलगढ़ में दबिश की कार्रवाई में 3 हजार लीटर महुवा वॉश नष्ट किया गया। मौके से 48 बोतल अवैध हथकड़ शराब जब्त कर 4 अभियोग दर्ज किए। इसी प्रकार प्रदेश में अन्य जिलों में भी आबकारी निरोधक दलों द्वारा नाकाबंदी, गश्त एवं दबिश की कार्रवाई कर अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

# ऑस्ट्रेलिया से मास्टर डिग्री लेकर लौटी भाविका खोतानी का सम्मान

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** 'होनहार के होत चिकने पात' कहावत को साकार करती हुई भीलवाड़ा शहर की होनहार बालिका भाविका खोतानी का आज सिंधी समाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जैसे ही भाविका ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बिजनेस एनालिटिक्स) में मास्टर डिग्री लेकर अपने शहर लौटी, वैसे ही सकल सिंधी समाज ने उन्हें सिर-आंखों पर बिठा लिया।

सिंधु नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में आयोजित इस सम्मान समारोह में भाविका का फूल-मालाओं, तिलक और दुपट्टा ओढ़ाकर भावभीना अभिनंदन किया गया। माहौल पूरी तरह उत्सवमय था और समाजजन अपनी इस बेटी की उपलब्धि पर गर्व से झूम उठे।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि भाविका, शहर के प्रतिष्ठित परिवार हरीश खोतानी एवं दिवंगत निशा खोतानी की सुपुत्री हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बिजनेस एनालिटिक्स) में मास्टर डिग्री की उपाधि प्राप्त की है। खास बात यह रही कि भाविका ने अपनी पढ़ाई के दौरान स्कॉलरशिप भी हासिल की, जो उनकी प्रतिभा का प्रमाण है।

यह उपलब्धि और भी खास बन गई जब उन्हें डिग्री प्रदान करने के लिए आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में कई बड़े गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त, गुजरात सरकार के मुख्य सचिव एम. के. दास सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भाविका की उपलब्धि और स्कॉलरशिप हासिल करने पर खुलकर प्रशंसा की।

भीलवाड़ा में सम्मान समारोह में गोविंद धाम के संत किशन दास ने भाविका को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और उपाधि स्वरूप मिली टोपी मस्तक पर धारण कराकर नागरिक अभिनंदन किया। साथ ही प्रोत्साहन स्वरूप भेंट भी दी। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि 'ऐसी प्रतिभाएं ही समाज और देश का नाम रोशन करती हैं, और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनती हैं। '

इस अवसर पर समाज के एक और होनहार युवा डॉ. लकी नारवानी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद किशोर सोनी, वीरूमल पुरसानी, राजेश माखीजा, सुगनामल कलवानी, ओम गुलाबानी, गुलशन विधानी, महेश खोतानी, मनोहर लालवानी, सतीश शर्मा, जितेंद्र रंगलानी, किशोर खोतानी, राजकुमार ठारवानी, तुलसी निहालानी, बबीता नारवानी, धीरज पेशवानी, कमल प्रजापत, नानकराम जेठानी, पूनम चंचलानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# लाडपुरा में 10 साल बाद फिर गूंजी ढोल-नगाड़ों की थाप चारभुजा नाथ मंदिर में शुरू हुई पारंपरिक 'गैर नृत्य' की धूम

**चैत्र नवरात्रि पर युवाओं और ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में बिखेरे लोक संस्कृति के रंग; मंगलवार रात से शुरू हुआ पांच दिवसीय आयोजन, शनिवार (दशमी) को होगा समापन**

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे के श्री चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में राजस्थानी लोक संस्कृति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार रात्रि से मंदिर परिसर में पारंपरिक 'गैर नृत्य' का भव्य आयोजन शुरू हुआ। ढोल-नगाड़ों की थाप और देवी की भक्ति में रंगे ग्रामीणों ने इस रंगारंग आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोक संस्कृति की जीवंत झलक पेश की।

**10 वर्षों बाद लौटी राजस्थानी परंपरा:**

ग्रामीणों के लिए यह आयोजन इसलिए भी खास है क्योंकि गांव में करीब 10 वर्षों से बंद पड़े इस राजस्थानी लोक नृत्य को एक बार फिर से शुरू किया गया है। मंगलवार रात 8 बजे से शुरू हुए इस पांच दिवसीय गैर नृत्य का समापन शनिवार रात्रि (दशमी) को होगा। इतने सालों बाद अपनी खोई हुई सांस्कृतिक विरासत को दोबारा जीवंत होता देख गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक में भारी उत्साह है।



**युवाओं ने घेरा बनाकर थिरकाए कदम:**

इस आयोजन में गैर नृत्य टीम ने पारंपरिक ढोल और नगाड़ों की गूंज पर शानदार कला का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे पुरुषों और विशेषकर युवा पीढ़ी ने एक गोल घेरा बनाकर यह लोक नृत्य प्रस्तुत किया। युवाओं के जोश और उनके थिरकते कदमों ने पूरे माहौल में समा बांध दिया।

आयोजन ने पूरे गांव को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। ढोल की थाप पर नाचते युवाओं और पुरुषों की जोड़ी का उत्साह देखते ही बनता था। इस मनमोहक और पारंपरिक 'गैर नृत्य' को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे मंदिर प्रांगण में मौजूद रहे। पूरा मंदिर परिसर देवी की आराधना और सांस्कृतिक उल्लास से गूंज उठा।

# मेवाड़ और गुजरात के संगम से गूँजा सेन समाज का स्नेह मिलन समारोह

स्मार्ट हलचल| कोशीथल



**अहमदाबाद।** सेन समाज मेवाड़ ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित 'स्नेह मिलन समारोह' अहमदाबाद में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवमयी कार्यक्रम में मेवाड़ (राजस्थान) और गुजरात (अहमदाबाद एवं सूरत) के कोने-कोने से आए समाज के प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ नागरिकों और ऊर्जावान युवाओं ने शिरकत की।

**मंच पर मेवाड़ और गुजरात की साझी विरासत**

समारोह की अध्यक्षता मेवाड़ सेन समाज के वरिष्ठ रोशन लाल सेन (नाथड़ियास) और मेवाड़ सेन समाज ग्रुप के अध्यक्ष लादू लाल सेन मण्डावर ने की। कार्यक्रम का सफल और प्रभावशाली मंच संचालन कांतिलाल सेन द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी से समाज को बांधे रखा।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में नरेश सेन चांगल (अध्यक्ष, सेन समाज अहमदाबाद) और राजू सेन (ओलपाड सूरत/पिपली अहिरान) उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रवासी समाज और स्थानीय समाज के बीच एक मजबूत सेतु बनाने और आपसी सहयोग पर बल दिया शिक्षा और सशक्तिकरण पर रहा जोर

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेन्द्र सेन बेमाली ने समाज के विकास का खाका प्रस्तुत करते हुए कहाः

आज के समय में समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम अपने बच्चों की उच्च शिक्षा और महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एकजुट होकर प्रयास करेंगे इसी क्रम में श्याम लाल सेन (मन्दरिया), पुष्कर सेन (बामणिया कला) और रोहित सेन (बरार) ने भी समाज को कुरीतियों से मुक्त कर नए युग की ओर ले जाने का आह्वान किया।

**इन गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

समारोह को सफल बनाने में मेवाड़ और गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों से आए समाज के स्तंभों ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थेःदरीबा क्षेत्रः रमेश सेन ओढव गोपाल सेन कोशीथल, सुरेश सेन, पत्रकार रामनिवास सेनकोशीथल, पंकज सेन कोशीथल, ओमप्रकाश सेन (बामणिया कला) पिपली अहिरानसे दिनेश सेन और रतन सेन,शांतिलाल मण्डावर, जगदीश सेन (नाथड़ियास), जानकी लाल सेन (देवगढ़), गोपाल सेन (आमनेर), और अशोक सेन (मोटा चिलौड़ा)

इसके साथ ही सुरेश सेन (देवड़ा का खेड़ा), कन्हैया लाल सिसवी, भेरूलाल सेन (बावलास),रमेश सेन गोरख्या , गणपत सेन छापली ,अशोक सेन रखियाल जगदीश बेमला, डुंडा राम वर्मा, चन्द्रामान नाइ, विनोद वर्मा, लाखन सेन, नरेशमोहन सेन, जीतू सेन (मन्दरिया) और नरेश सेन (बेमाली) सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

भविष्य की रणनीति और स्नेह भोज कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने 'सेन समाज मेवाड़ ग्रुप' को और अधिक संगठित और मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन हुआ, जहाँ अनौपचारिक चर्चाओं के बीच समाज के उज्ज्वल भविष्य की योजनाएं तैयार की गईं।

# कोटा-पटना एक्सप्रेस का प्रस्थान समय एवं मार्ग परिवर्तन कुछ स्टेशनों पर ठहराव अस्थायी रूप से निरस्त

स्मार्ट हलचल | कोटा

रेल प्रशासन द्वारा कानपुर-लखनऊ खंड में अधोसंरचना कार्य के चलते कोटा से चलने वाली गाड़ी संख्या 13238 एवं 13240 कोटा-पटना एक्सप्रेस का दिनांक 01.04.2026 से 12.05.2026 तक कोटा से प्रस्थान समय 18.10 बजे की बजाय अब 22.10 बजे निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि उक्त अवधि में परिचालनिक आवश्यकताओं के कारण इन गाड़ियों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है। गाड़ी संख्या 13238 एवं 13240 को अपने निर्धारित मार्ग की बजाय परिवर्तित मार्ग - वाया कानपुर सेंट्रल - प्रयागराज जंक्शन - मिर्जापुर - पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर संचालित किया जाएगा।

इस दौरान दोनों गाड़ियों के कुछ स्टेशनों पर ठहराव अस्थायी रूप से निरस्त रहेंगे। गाड़ी संख्या 13238 के लिए उन्नाव जंक्शन, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन, अकबरपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, जौनपुर जंक्शन एवं वाराणसी जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव नहीं रहेगा। वहीं गाड़ी संख्या 13240 के लिए लखनऊ, महाराजा बिजली पासी (निहालगढ़), सुल्तानपुर जंक्शन एवं वाराणसी जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव नहीं रहेगा।

# किसी भी अच्छी पहल की शुरुआत अकेले ही करनी पड़ती है - जिला कलेक्टर

## नून श्री पुरस्कार 2026 में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**भवानी मडी।** भवानी मंडी में पहली बार स्वर्गीय लॉर्ड जी.के. नून साहब की स्मृति में नून हॉस्पिटल एवं रजत सिटी ग्रुप द्वारा 'नून श्री पुरस्कार 2026' का आयोजन होटल नाहर पैलेस में किया गया। जिसका संचालन सुखमनी क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा किया गया।

इस समारोह में चिकित्सा, शिक्षा, खेल एवं इत्यादी क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले प्रतिभाशालीयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अजय सिह राठौड़, नून हॉस्पिटल ट्रस्टी एवं लॉर्ड जी.के. नून की सुपुत्री जीनत नून हरनाल, उपखण्ड अधिकारी सुश्री श्रृद्धा गोमे, डॉ. जेके अरोड़ा, डॉ. रजत अरोड़ा, तहसीलदार थे।

कार्यक्रम के अतिथि आर.टी.एम. प्रबंधक रोहित अरोड़ा, नून हॉस्पिटल ट्रस्टी आमीर भाई मिठाई वाला, इस्माईल भाई, अकबर भाई एवं मुम्बई से नून परिवार के सदस्य रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सर लॉर्ड जीके नून के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजव्वलन कर किया गया। उसके पश्चात सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में तीन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए डॉ. के.के. जुहिया, शिक्षा



के क्षेत्र मे जे.ई.ई. मेन्स में 96.30 परसेन्टाईल प्राप्त करने वाले तनिष्क जैन सुपुत्र पारस जैन को एवं खेल के क्षेत्र बेडमिंटन में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले गुरुक्रीत छाबड़ा सुपुत्र बलवीरसिंह छाबड़ा को सम्मानित किया गया। सभी सम्मानितों को ट्रॉफी, दुपट्टा, नगद राशि एवं प्रशस्ती पत्र दिया गया। श्रीमती जीनत नून हरनाल ने अपने सम्बोधन में बताया कि प्रत्येक वर्ष नून साहब की स्मृति 'नून श्री पुरस्कार दिया जायेगा। जिसके लिए पेनल बनाकर प्रतिभाओं का चयन किया जायेगा। साथ ही श्रीमती जीनत नून ने बॉम्बे हलवा लि. की डोक्यूमेंट्री दिखाई जिसमें किस प्रकार मुम्बई का हलवा विदेशों में स्वाद की पहचान बना।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने अपने सम्बोधन में बताया कि किसी भी अच्छी पहल की शुरुआत अकेले ही करनी पड़ती है। भवानीमण्डी को प्रसिद्धी दिलाने और संसार के नक्शे पर लाने में नून सा. का बहुत बड़ा योगदान है। प्रत्येक क्षेत्र में आगे बड़ने के लिए बंधन तोड़ने पड़ते हैं, समय के साथ पुरानी चीजों को छोड़नी पड़ती है स्व. लॉर्ड जीके नून ने विदेश में लॉर्ड की उपाधी से सुशोभित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। भवानीमण्डी जैसे छोटे शहर से लंदन का सफर तय करने के बारे में जिला कलेक्टर ने बताया कि इतिहास में ईरान के शिराज से कई वैज्ञानिक और व्यापारी भारत आये जिससे भारत में व्यापार आगे बढ़ा। शिराज से मिठाई वाला होते हुए वह नून हो गये। नून साहब ने अपने मिसालों और मिठाई के स्वाद की लत विदेशियों को लगा दी। नून साहब की सुपुत्री जीनत के बारे में बताया कि व्यक्ति वहीं लोटकर आता है जहां उसकी जड़े होती है। जीनत नून का प्रेम हे जिस करण वे अपने व्यस्त समय में से साल में दो बार अपने क्षेत्र में लोटकर आती हैं। जिला कलेक्टर ने सभी को बताया कि हमें इस बारे में भी सोचना चाहिए कि हम क्या है ? और हम क्यों हैं ? साथ ही सोच को समय से आगे लेकर चलना चाहिए।

इस अवसर पर भवानीमण्डी के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी एवं कई संस्थाओ के प्रमुख एवं नून हॉस्पिटल के डॉक्टर व स्टॉफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पुराहित एवं प्रताप सिंह झाला ने किया।

# काली पट्टी बांधकर काला कानून वापिस लो के नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**वैर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आव्हान पर पेंशनर समाज की उप शाखा वैर ने काला दिवस मनाया तथा प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । पेंशन समाज के लोग रैस्ट हाउस पर एकत्रित हुए जहां से उप शाखा अध्यक्ष तेज सिंह धाकड़ एवं महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर काला कानून वापिस लो के नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां एसडीएम मौजूद नहीं होने पर उनके पीए को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा व वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पेंशनर्स के विरुद्ध जारी वैद्यता अधिनियम 2025 को वापिस लेने की मांग की। तहसील अध्यक्ष एवं महामंत्री ने बताया कि 25 मार्च 2025 को लोकसभा में प्रस्तुत विधेयक जो कि बाद में दोनों सदनों में पारित होने के बाद 29 मार्च 2025 को अधिसूचना जारी होने से लागू हुआ के अनुसार यह नवीन कानून पेंशनर समाज के विरुद्ध है एवं नुकसानदायक है। वित्त मंत्रालय के नवीन कानून 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत होने वाले पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलने के बारे में है इससे आक्रोशित पेंशनर समाज की ओर से 25 मार्च को काला दिवस मनाया गया। प्रदर्शन में मनमोहन दत्तात्रेय, वेद प्रकाश, घमंडी मीणा, पूर्व प्राचार्य घीसी राम शर्मा, राम खिलाड़ी गुर्जर, राम प्रताप शुक्ला सहित भारी संख्या में पेंशनर समाज के लोग मौजूद थे।

# यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रत्याशी राजेंद्र मनेमा ने सूरौठ में किया जनसंपर्क



स्मार्ट हलचल | सूरौठ

यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद के लिए करौली जिले से उम्मीदवार राजेंद्र मीणा मनेवा ने बुधवार को सूरौठ कस्बे में जनसंपर्क कर युवक कांग्रेसियों से वोट मांगे। बताया गया कि आगामी अप्रैल माह में होने वाले यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद का चुनाव ऑनलाइन वोटिंग के जरिए होगा जिसमें 18 से 36 वर्ष तक के युवा अपने वोट से अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इस दौरान हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, रिंकू मीणा, राहुल मीणा, शिवकेश मीणा, श्याम सुंदर, जय सिंह, जाकिर हुसैन आदि कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रत्याशी राजेंद्र मनेमा एवं उनके साथ जनसंपर्क में आए नीरज महर, विकास लिलोटी, पवन मीणा, राजा राम, मोनू, अमित का साफा व माला पहनकर अभिनंदन किया। इसके अलावा यूथ कांग्रेस के सूरौठ ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए राहुल मीणा ने ऑनलाइन नामांकन दाखिल किया।

# सरसों और धनिया चोरी का 48 घंटे में खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भवानीमंडी (झालावाड़)।** भवानीमंडी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कृषि उपज मंडी के बाहर से हुई सरसों और धनिया की बोरियों की चोरी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटों के भीतर 4 शातिर चोरों को धर दबोचा है।

### क्या था मामला?

घटना 22 मार्च 2026 की है, जब परिवादी राजेश पुत्र चुन्नीलाल, निवासी टगर मोहल्ला भवानीमंडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी आढ़त की दुकान के बाहर मंडी में रखी 8 बोरी सरसों और 5 बोरी धनिया अज्ञात चोरों ने पार कर दी थी। सुबह गिनती करने पर सामान कम मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई।

एसपी अमित कुमार और एएसपी भागचंद मीणा व वृत्ताधिकारी प्रेम कुमार चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी



साक्ष्यों और मनोवैज्ञानिक आधार पर संदिग्धों की निगरानी की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण:

दिनेश (उम्र 30 साल): पुत्र ओमप्रकाश, जाति कुम्हार। पताः कुम्हार मोहल्ला, पचपहाड़, थाना भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ (राज.)। रवि (उम्र 23 साल): पुत्र राजुलाल, जाति मेघवाल। पताः इन्द्रा कालोनी, पचपहाड़, थाना भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ (राज.)। महेन्द्र तिवाड़ी उर्फ लाला (उम्र 26 साल): पुत्र मुकेश तिवाड़ी, जाति ब्राह्मण। पताः छोटे जैन मन्दिर के पास, पचपहाड़, थाना भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ (राज.)। राहुल (उम्र 23 साल): पुत्र रामदयाल, जाति लुहार। पताः छत्री चौक, पचपहाड़, थाना भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ (राज.)।

### बरामदगी और जब्त वाहन

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 4 बोरी धनिया बरामद कर ली है। साथ ही, वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से अन्य चोरियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है, जिससे और भी बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस सफल ऑपरेशन में थानाधिकारी प्रमोद कुमार के साथ उप निरीक्षक हरविरेन्द्र सिंह, कानिस्टेबल विकास कुमार, प्रेमाराम, महेश कुमार (आसूचना अधिकारी), पुष्पेन्द्र सिंह और तेजेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वैष्णव अग्रवाल पंचायत में पियूष गर्ग उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत

स्मार्ट हलचल

**बारां।** वैष्णव अग्रवाल पंचायत की की कार्य कारणी में नवगठित कार्यकारिणी में सुरेंद्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष, दिनेश बंसल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतीश अग्रवाल को महामंत्री, वीरेंद्र गोयल एवं राहुल बंसल को मंत्री तथा द्वारकालाल बंसल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने पियूष गर्ग पुत्र अशोक गर्ग सर्राफ को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। उपाध्यक्ष पियूष गर्ग ने श्री सत्यदेव भगवान को साक्षी मानकर शपथ लेते हुए कहा कि श्री वैष्णव अग्रवाल पंचायत बारां के 2026- 2028 की कार्यकारिणी में मुझे पंचायत हित में कार्य करने की जो जिम्मेदारी एवं दायित्व सौंपा गया है उसका मैं व्यक्तिगत पंचायत द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाऊंगा । विशेष परिस्थितियों को छोड़कर जहां तक सम्भव होगा समाज के कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए समाज हित में समाज के विकास कार्यों में तत्पर रहूंगा ।



कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह भगवान सत्यनारायण मंदिर प्रांगण में हुआ। प्रवक्ता अरुण कुमार गर्ग ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ लेकर समाज सेवा, एकता एवं विकास के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि आनंद गर्ग रहे। विशिष्ट अतिथियों में जगदीश सिंघल, देवकी बंसल, राजेंद्र बंसल, महेंद्र गोयल, हेमराज गोयल, महेंद्र गोयल, अशोक करोलिया एवं ब्रजमोहन गोयल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गर्ग ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए संगठन की मजबूती अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि एवं भामाशाह करोलिया ने समाज की धर्मशाला एवं मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपए की दान की घोषणा की।

# मेवाड़ा प्रजापत क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 - सीजन 3 जारी

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

मेवाड़ा प्रजापत क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 - सीजन 3 का दूसरा दिन खेलगांव, चित्रकूट नगर में रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ। दिनभर खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। पहले मैच में महादेव क्लब ने कृष्णा क्लब को 11 रनों से हराया। महादेव क्लब के संजय प्रजापत (53 रन) और राहुल प्रजापत (35 रन) ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। गेंदबाज राकेश प्रजापत ने 18 रन देकर 4 विकेट लेकर मैन ऑफ दी मैन का पुरस्कार प्राप्त किया।




दूसरे मैच में प्रताप क्लब ने मेवाड़ क्लब को 14.5 ओवर में लक्ष्य पूरा कर हरा दिया। प्रताप क्लब के दिलीप (35 रन) और राकेश (24 रन) ने शानदार बल्लेबाजी की। नरेश प्रजापत को 17 रन देकर 5 विकेट लेने के लिए मैन ऑफ दी मैन चुना गया।

तीसरे मैच में मातेश्वरी क्लब ने हिन्द क्लब को 16.2 ओवर में मात दी। प्रहलाद प्रजापत की 68 रनों की तूफानी पारी और अनन्त के 28 रनों की बदौलत टीम ने जीत हासिल की। प्रहलाद को मैन ऑफ दी मैन से सम्मानित किया गया।

आज के आयोजन में सभी टीमों के स्पॉन्सर्स मैदान में मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। भुवाणा मंडल अध्यक्ष श्री मुकेश जी जोशी ने अतिथि के रूप में भाग लिया, जिनका स्वागत संरक्षक बांसी लाल जी ने किया। युवा संगठन की टीम, युवा अध्यक्ष श्री धीरज जी के नेतृत्व में, पूरे दिन व्यवस्थाओं में सक्रिय रही।

दूसरे दिन के सफल आयोजन से टूर्नामेंट में उत्साह और रोमांच और बढ़ गया है। आयोजकों ने खिलाड़ियों, स्पॉन्सर्स और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और सभी को शानदार खेल के लिए बधाई दी।

# ज्ञानज्योति विद्यालय फिर बना घाटा क्षेत्र का सिरमौर कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



स्मार्ट हलच

**निम्बाहेड़ा।** कनेरा कस्बे के स्वामी विवेकानंद कॉलोनी में संचालित ज्ञानज्योति माध्यमिक विद्यालय का मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा प्रभारी रत्नेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में कुल 41 भैया बहन कक्षा 10 में प्रविष्ट हुए उनमें से 36 भैया बहन प्रथम श्रेणी से व चार भैया बहन द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले 10 वर्षों से लगातार शत प्रतिशत रहा है जो इस वर्ष भी बरकरार रहा ।संस्था प्रधान रामप्रसाद धाकड़ ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण संस्कारक्षम शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण निर्माण में विद्यालय के अध्यापक अध्यापकों का योगदान अहम रहा।कक्षा 10 में भारतीय पप्पू लाल धाकड़ ओखलिया ने 91% सोनाक्षी शिवलाल धाकड़ बेनीपुरिया ने 91% नमन बालकिशन धाकड़ कनेरा ने 90% अंक प्राप्त किये। देवाशीष पोखरा ने बताया कि कक्षा 8 में 16 वी कक्षा 5 में 18 भैया बहनों ने एक रेट प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया।स्थानीय विद्यालय से प्रतिवर्ष नवोदय में घाटा क्षेत्र से सर्वाधिक भैया बहनों का चयन होता है वही दो भैया आदित्य धाकड़ ,कौस्तुभ मेघवाल का सैनिक स्कूल में भी चयन हो चुका है। आज 25 मार्च को स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ ही अगला सत्र विधिवत प्रारंभ हो जाएगा।


# पुल पिलर का सरिया गिरने से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत

स्मार्ट हलचल

लखनऊ।उत्तर-प्रदेश के बलिया जिले की उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सरयू नदी पर बन रहे करोड़ों की लागत से तुर्तीपार- भागलपुर निर्माणाधीन पक्का पुल पर बुधवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसा उस समय हो गया जब पुल के पिलर पर लगे लोहे का सरिया और ढांचा अचानक मौत बनकर मजदूरों पर टूट पड़ा और चार मजदूर उसकी चपेट में आ गए, बेल्थरारोड क्षेत्र के तुर्तीपार पुल के पास खैरा-मधुबनी गांव के समीप यह घटना उस वक्त हुई जब मजदूर रोज की तरह अपने काम में लगे हुए थे और पिलर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा था, तभी अचानक जोरदार आवाज के साथ लोहे का भारी ढांचा गिर गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई, देखते ही देखते चार मजदूर मलबे में दब गए और वहां मौजूद लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई, आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया गया, जेसीबी मशीन की सहायता से मलबा हटाकर एक-एक कर मजदूरों को बाहर निकाला गया, सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद पप्पू (30) और अमित (30) निवासी लखीमपुर खीरी को मृत घोषित कर दिया, दोनों की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया, वहीं जुगल (27) निवासी पीलीभीत गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज जारी है जबकि एक अन्य मजदूर को हल्की चोटें आई हैं, घटना की सूचना मिलते ही उभांव थाना के प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी, हादसे के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया और पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया, इस दर्दनाक घटना पर प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश पटेल ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि यह बेहद दुःखद घटना है, उन्होंने घायलों के समुचित इलाज की बात कही और परिजनों के प्रति सहानुभूति प्रकट की, सरयू किनारे का यह निर्माण स्थल जो विकास की नई उम्मीद बन रहा था वह पल भर में दर्द की कहानी बन गया, जो मजदूर कुछ देर पहले तक अपने काम में जुटे थे वही अचानक इस अनहोनी का शिकार हो गए, इस हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है जबकि घायलों का इलाज जारी है और आगे की आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। उभांव पुलिस मृतक मजदूरों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। इस अनहोनी हृदय विदारक हादसे के बाद तुर्तीपार भागलपुर में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# दसवीं बोर्ड में बूंदीजिले के तलवास की अंशिका राठौर ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पाया प्रथम स्थान

स्मार्ट हलचल | बूंदी



जिले में तलवास गांव की पहचान शिक्षा के क्षैत्र में सदैव रही हैं। तलवास ग्राम के कमलेश कुमार राठौर वर्तमान में बूंदी विद्युत विभाग में कार्यरत हैं। बालिका की माता अध्यापिका है। इनकी पुत्री ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव सहित अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

अंशिका राठौर ने सोशल साइंस, गणित एवं संस्कृत में 100 में से 100 अंक अर्जित किए हैं। अंशिका राठौर ने बताया कि वह सोशल मीडिया से दूर रही साथ ही नियमित रूप से 5-6 घंटे अध्ययनरत रही हूं। अपने गुरूजनों का मार्गदर्शन, नियमित अध्ययन, सोशल मिडिया से दूरी, परिजनों का सहयोग से यह स्थान प्राप्त कर पायी हूं। आगे अध्ययन कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य तय किया हुआ है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सतत् मेहनत करके वह मुकाम हासिल करने का पूर्ण प्रयास करूंगी।

तलवास निवासी स्वर्गीय दौलतराम राठौर की पौत्री,कमलेश कुमार राठौर की पुत्री ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तलवास का नाम फिर रोशन किया है। स्वर्गीय दौलतराम राठौर पढ़ाई में बहुत ही होशियार रहे हैं। इन्होंने कृषि कार्य कर बच्चों को योग्य व संस्कारवान बनाया है। इनके पुत्र धर्मेन्द्र कुमार साहू, कमलेश कुमार साहू, राजेन्द्र कुमार साहू तीनों आज राज्य सेवा में कार्यरत हैं। धर्मेन्द्र कुमार एवं कमलेश की पत्नियां भी राज्य सेवा में अध्यापिका है। तलवास की यह बालिका भारतीय प्रशासनिक सेवा के लक्ष्य को भविष्य में प्राप्त करें ऐसी सभी परिजन , तलवास की जनता मंगलकामनाएं करती हैं।

# बून्दी का निखरेगा स्वरूप, आधुनिक सुविधाओं के साथ बनेगी टूरिस्ट फ्रेंडली सिटी

## हुडको लोन को मिली राज्य सरकार की गारंटी, 350 करोड़ से होंगे विकास कार्य

स्मार्ट हलचल | बून्दी

छोटी काशी बून्दी अब विकास की नई उड़ान भरने जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश पर शहर के कायाकल्प के लिए तैयार किए गए करीब 350 करोड़ रुपए के मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे दिया जा रहा है। इसमें से 250 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (हुडको) द्वारा स्वीकृत ऋण को मंगलवार को राज्य सरकार की भी गारंटी भी मिल गई है। नगर परिषद और संबंधित एजेंसियां आगामी महीनों में डीपीआर सहित सभी औपचारिकताएं पूरी कर विकास कार्यों को धरातल पर उतारेंगी। अगले दो वर्षों में बून्दी की तस्वीर पूरी तरह बदलती नजर आएगी।

बून्दी को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के लिए तैयार की गई कार्ययोजना के तहत शहर में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन, पर्यटन स्थलों के पुनर्विकास तथा आमजन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य होंगे। इसी कड़ी में नैनवां रोड, माटूंदा रोड, सिलोर रोड, चित्तौड़ रोड, चुंगी नाका, देवपुरा क्षेत्र और छत्रपुरा रोज सहित शहर की 12 प्रमुख सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा, जहां डिवाइडर, लैंडस्केपिंग और आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित किए जाएंगे तथा हैरिटेज पोल स्थापित किए जाएंगे।



इसके अतिरिक्त 13 अन्य सड़कों पर भी हैरिटेज लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, वहीं नए लिंक रोड बनाए जाएंगे ताकि यातायात व्यवस्था अधिक सुगम और व्यवस्थित हो सके।

कोटा, जयपुर और सिलोर रोड पर भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा वहीं अम्बेडकर सर्किल, अहिंसा सर्किल, देवपुरा रोड तिराहा सहित प्रमुख चौराहों का आधुनिक स्वरूप में विकास किया जाएगा। शहर के प्रमुख बाजारों और पर्यटन स्थलों का भी व्यापक पुनर्विकास किया जाएगा। इसके साथ ही चंपा बाग, भीलो का दरवाजा, भैरो गेट, कोतवाली गेट, कागजी दरवाजा, खोजा गेट, सुरंग दरवाजा सहित सभी ऐतिहासिक द्वारों का संरक्षण एवं पुनर्विकास कर आकर्षक फसाड लाइटिंग की जाएगी। नवल सागर और जैत सागर झीलों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ शहर की बावड़ियों और छतरियों का विकास कर उन्हें आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से सजाया जाएगा। परकोटे के भीतर भूमिगत केबलिंग कर शहर के फसाड को और अधिक सुंदर एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा। शहर में पार्किंग की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आजाद पार्क में अत्याधुनिक अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित की जाएगी। कुम्भा मेला ग्राउंड को भव्य स्वरूप प्रदान कर वहां सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही शहर के सभी छोटे-बड़े पार्कों का विकास कर हरियाली को बढ़ावा देने के साथ नागरिक सुविधाओं में भी विस्तार किया जाएगा।

स्पीकर बिरला की पहल पर मरीजों के परिजनों के लिए जिला अस्पताल परिसर में 'रामाश्रय' जैसी सुविधा विकसित की जाएगी, जहां उन्हें निशुल्क ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी। साथ ही शहर में अग्निशमन केन्द्र और आधुनिक गैराज का निर्माण भी प्रस्तावित है। आने वाले दो वर्षों में बून्दी का यह रूपांतरण न केवल शहरवासियों के लिए सुविधाजनक सिद्ध होगा, बल्कि पर्यटन मानचित्र पर भी इसे एक नई और विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

# कानपुर में मंगलसूत्र लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, माल बरामद

स्मार्ट हलचल

कानपुर।पुलिस की सक्रियता के बाद भी जिले में लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके खिलाफ पुलिस भी लगातार बदमाशों पर अपना शिकंजा कसने की कोशिश में जुटी है ,जिसके फल स्वरुप ही उसने मंगलसूत्र लूटने वाले दो शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इनमें से गोली से घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। अब पुलिस इनके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है। यह घटना चकेरी थाना क्षेत्र की है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार महिला सिविल डिफेंस कर्मी अनीता श्रीवास्तव से बीते शनिवार को मंगलसूत्र लूट लिया गया था। इसके कुछ ही समय बाद आरोपितों ने एक अन्य युवती से भी पर्स लूट लिया था।

# अवैध एलपीजी भंडारण पर रसद विभाग का बड़ा छापा, 12 सिलेंडर जब्त

## रायपुर तहसील के ग्राम नयाबाड़िया में हुई कार्रवाई; आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला रसद विभाग ने अवैध एलपीजी रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को ग्राम नयाबाड़िया (रायपुर तहसील) में बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला कलेक्टर कमल राम मीना के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान विभाग ने मौके से कुल 12 अवैध गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।



### बिना बिल-वाउचर के चल रहा था अवैध कारोबार

जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रांत मथुरिया की टीम ने ग्राम पंचायत रावणिया के अंतर्गत नयाबाड़िया में सद्दाम काठात के ठिकाने पर दबिश दी। जांच के दौरान मौके पर घरेलू और वाणिज्यिक सिलेंडर पाए गए। आरोपी के पास इन सिलेंडरों की बिक्री या भंडारण से संबंधित कोई वैध बिल, वाउचर या उपभोक्ता डायरी नहीं मिली, जिससे स्पष्ट हुआ कि यहाँ लंबे समय से अवैध गैस बिक्री का कारोबार संचालित किया जा रहा था।

जब्त सामग्री का विवरण:

विभाग ने कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित सिलेंडर जब्त कर सुमेल इण्डेन ग्रामीण वितरक को सुपुर्द किए:

06 घरेलू सिलेंडर (14.2 कि.ग्रा.)

05 वाणिज्यिक सिलेंडर (19.00 कि.ग्रा.)

01 वाणिज्यिक सिलेंडर (5.0 कि.ग्रा.)

### होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

रसद विभाग ने बताया कि उक्त व्यक्ति द्वारा एलपीजी (नियमन एवं आपूर्ति) आदेश 2000 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन किया गया है। अब इस प्रकरण को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 के तहत जिला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

विभागीय चेतावनी: जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग, अवैध भंडारण और रिफिलिंग पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत वितरकों से ही सिलेंडर लें और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करें।

# पूजा अर्चना शोभायात्रा के बाद हुआ सतवाड़ा विवाह सम्मेलन का ध्वज स्थापित

स्मार्ट हलचल। दूनी

घाड़ के सतवाड़ा में आदर्श मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरोशोरो पर जारी है सम्मेलन की मुख्य रस्म 'झंडा बोली' शीला राजकुमार मीणा के 5 लाख एक हजार रुपये में छुटी जो आज शोभायात्रा निकाल ध्वज स्थापित किया गया।यह बोली बोटुन्दा की वर्तमान सरपंच एवं पूर्व प्रधान शीला राजकुमार मीणा के नाम होने पर दोनों को ध्वज के साथ घोड़ी पर बिठाकर ध्वज की शोभायात्रा निकाली गई।आज सुबह 8 बजे से सतवाड़ा के गणेश जी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो यह शोभायात्रा सतवाड़ा से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए घाड़ रोड स्थित भेरुजी महाराज मंदिर पहुंची इसमें गाजे-बाजे और पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली लोगों ने खूब ठुमके लगा नृत्य किया इस आयोजन में राजस्थान के कई जिलों से मीणा समाज के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुये।आयोजकों ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में एकता और सादगी का संदेश देते हैं। झंडा बोली के माध्यम से प्राप्त सहयोग समाज के इस पुनीत कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# पेंशन कानून के खिलाफ बायतु में विरोध, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**बायतु।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए कथित पेंशन संबंधी अधिनियम 2025 के विरोध में राजस्थान पेंशनर समाज, उप शाखा बायतु के बैनर तले पेंशनरों ने विरोध दर्ज कराते हुए प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पेंशनरों ने अधिनियम को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि यह अधिनियम पेंशनधारियों के हितों के विपरीत है और इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बीच असमानता की स्थिति उत्पन्न होगी। पेंशनरों का कहना है कि पेंशन पात्रता और गणना में किए गए बदलावों से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा तथा उनके जीवन स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

पेंशनर समाज ने इस कानून को सामाजिक न्याय और सुरक्षा के सिद्धांतों के खिलाफ बताते हुए कहा कि पेंशन एक अधिकार है, न कि कोई सुविधा। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि पेंशन का उद्देश्य सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है।

पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए 29 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान पेंशनर समाज बायतु के अध्यक्ष रणछोड़ काकड़ के नेतृत्व में घमण्डाराम धतरवाल, किशनाराम जीनगर, मोहबतराम पूनड़, श्यामलाल, ताजाराम, रावताराम सारण, अण्डाराम, चेतन राम कड़वासरा, धूड़ाराम माचरा सहित कई पेंशनर व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सतवाड़ा में मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू

## गणेश निमंत्रण, ध्वज शोभायात्रा से आगाज़; 5.01 लाख में छूटी बोली

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली)।** आदर्श मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां सतवाड़ा में भव्य गणेश निमंत्रण, कलश स्थापना और ध्वज शोभायात्रा के साथ शुरू हो गईं। इस दौरान सतवाड़ा की सड़कें मीणा समाज के उत्साह और भक्ति से सराबोर दिखीं।

सम्मेलन के लिए ध्वज की बोली पूर्व प्रधान एवं वर्तमान सरपंच (बोटुन्दा) शीला राजकुमार मीणा ने 5 लाख 1 हजार रुपए में अपने नाम की। बोली जीतने के बाद उन्होंने विधि-विधान से ध्वज पूजन कर समाज की खुशहाली की कामना की। शोभायात्रा के दौरान उत्सव का माहौल था। मीणा समाज के महिला-पुरुष पारंपरिक गीतों पर



नाचते-गाते चल रहे थे। आधुनिकता का संगम भी देखने को मिला, जब पूरी शोभायात्रा पर ड्रोन के जरिए पुष्प वर्षा की गई, जिसने स्थानीय निवासियों और आगंतुकों का मन मोह लिया।

सम्मेलन समिति ने बताया कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 1 मई (पीपल पूर्णिमा) को भैरूजी महाराज के स्थान, घाड़ रोड पर आयोजित होगा। आज के कार्यक्रम में प्रदेश भर से मीणा समाज के गणमान्य लोग और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शोभायात्रा के समापन के बाद आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों एवं समाजजनों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामकरण मीणा (मीणा छात्रावास टोंक अध्यक्ष), उपप्रधान महादेव मीणा, सरपंच हरिराम मीणा (सीतापुरा), शिवराज राजकोट, सरपंच कालू (सतवाड़ा), सरपंच हेमराज मीणा (चन्दवाड), कालू ठेकेदार (स्यावता), सरपंच सोहन लाल खरोई, पूर्व सरपंच मोतीलाल और देवलाल ठेकेदार (सचिव) राधेश्याम (डीलर), शिवपाल (राजस्थान पब्लिक स्कूल), इन्द्रसिंह मीणा अध्यापक, राजू अध्यापक, कन्हैया लाल (लेक्चर), मुकेश मीणा सेखना, भैरू, चंद्र प्रकाश (गुरु ज्ञान शिक्षण संस्थान टोंक), टीकाराम मीणा, रामप्रसाद रानीपुरा, शिवराज मीणा चारनेंट, महावीर, राकेश, अशोक, दिनेश, सीपी रामधन, दीपक सतवाडा, शिशुपाल मीणा टोकरावास, श्योजी मीणा (पूर्व सरपंच घाड़) मनीष मीणा दोलतपुरा, हरिराम धुवां खुर्द, रामसाहय मीणा अध्यापक, अविनाश मीणा घाड़, विनोद खरोई, शिवराज मीणा केदारा सहित आसपास के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत का टोंक दौरा आज-कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री, अविनाश गहलोत, आज 26 मार्च (गुरुवार) को टोंक जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे।

मंत्री अविनाश गहलोत के निजी सचिव रोहित कुमार (आरएएस) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री सुबह 9:30 बजे जयपुर से प्रस्थान कर 10:30 बजे जयपुर जिले के चौमूं पहुंचेंगे, जहां माली समाज के 19वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे।

इसके बाद मंत्री दोपहर 1:30 बजे डिग्गी (टोंक) पहुंचकर फूल माली (सैनी) समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेंगे। दोपहर 2:30 बजे डिग्गी से प्रस्थान कर वे शाम 4:00 बजे उनियारा पहुंचेंगे।

उनियारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरण करेंगे। यह कार्यक्रम राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर उनियारा में आयोजित होगा।कार्यक्रम के अनुसार मंत्री गहलोत शाम 5:00 बजे उनियारा से रवाना होकर 6:30 बजे बीलवा (जयपुर) पहुंचेंगे, जहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद रात 8:30 बजे जयपुर वापसी प्रस्तावित है। जिले में दौरे के दौरान मंत्री का आवागमन राजकीय वाहन से होगा तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के निर्देश जारी किए गए हैं।

# रात के अंधेरे में अवैध बजरी खनन पर दबिश, जेसीबी और ट्रक जब्त

## एक आरोपी गिरफ्तार, अंधेरे का फायदा उठाकर तीन-चार माफिया फरार; बजरी के अवैध स्टॉक पर मारा छापा

स्मार्ट हलचल

**जैतारण (ब्यावर)।** जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर, रतन सिंह के निर्देशानुसार और अजमेर रेंज आईजी राजेन्द्र सिंह के आदेशों की पालना में जैतारण पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने रामावास कलां की सरहद में देर रात दबिश देकर अवैध बजरी से भरा एक ट्रक और एक जेसीबी मशीन जब्त की है।

थानाधिकारी धोलाराम के नेतृत्व में गठित टीम को सूचना मिली थी कि रामावास कलां में सरकारी स्कूल के पीछे खाली जमीन पर बजरी का अवैध स्टॉक किया गया है, जहाँ से



मनीष बावरी नामक व्यक्ति जेसीबी मशीन से ट्रक में बजरी भरवा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रात करीब 01:30 बजे मौके पर छापेमारी की।

### झाड़ियों में छिपाए थे वाहन, एक आरोपी दबोचा

पुलिस को देखकर मौके पर हड़कंप मच गया। अंधेरे का फायदा उठाकर मुख्य आरोपी मनीष बावरी सहित तीन-चार अन्य लोग झाड़ियों और रास्तों का सहारा लेकर भाग निकले। हालांकि, पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी सांवर लाल उर्फ श्रवण (20 वर्ष) निवासी कुशालपुरा को दबोच लिया। मौके से ट्रक और एक बिना नंबर की जेसीबी को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत जब्त किया गया।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने इस मामले में प्रकरण संख्या 118/2026 दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और MMDR एक्ट की धारा 4/21 के तहत कार्रवाई की गई है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### कार्यवाही करने वाली टीम:

इस सफल कार्यवाही में अनिल पंवार, उप-निरीक्षक रामकिशन, कांस्टेबल बुधाराम, दुर्गाराम और अजीत सिंह की विशेष भूमिका रही।

# दुर्गा माता मंदिर मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



स्मार्ट हलचल | बानसूर

निकटवर्ती ग्राम नारोल रोड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में मंगलवार को एक मेले का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले के दौरान ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं के लिए मीठे जल की छबील भी लगाई। मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती दंगल रहा। इसमें पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। देर शाम को अंतिम कामड़े की कुश्ती विकास पहलवान टोडियाकाबास और रवि पहलवान झज्जर के बीच हुई। यह कुश्ती बराबरी पर छूटी। मेला कमेटी ने दोनों पहलवानों को 31-31 सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। कामड़े की कुश्ती का पुरस्कार हर वर्ष की तरह इस बार भी राजू मीणा ने प्रदान किया। इस अवसर पर रमेश अंबावत, समाजसेवी छंगाराम सैनी, महेश प्रधान, कमल मीणा, राजू मीणा, बद्री मीणा, अरुण सैनी सहित मेला कमेटी के सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

# देश में गैस की किल्लत के लिए सरकार जिम्मेदार-बिंदु

स्मार्ट हलचल | हरसौर

बुधवार को पूर्व जिलाप्रमुख एवं कांग्रेस नेत्री बिंदु चौधरी ने कस्बे सहित आसपास के गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके हाल जाने। चौधरी ने क्षेत्र में आयोजित हुए कई सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में खासकर महिलाओं से मौजूदा हालात को लेकर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने देश में व्यावसायिक गैस सिलिंडर की सप्लाई प्रभावित होने और घरेलू गैस सिलिंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक गैस सिलिंडर की सप्लाई बाधित होने से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और रेहड़ी-पटरी पर काम करने वाले छोटे व्यापारियों का काम प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं। मौजूदा हालात में सरकार पूरी तरह विफल है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि गैस सिलिंडर की सप्लाई व्यवस्था जल्द सुचारू की जाए और बढ़े हुए दाम वापस लेकर जनता को राहत दी जाए।

देश में घरेलू गैस की कमी चल रही है और सरकार ने आपदा में भी अवसर ढूंढते हुए 60 रुपए घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ा दिए। देश में एलपीजी की कमी से लोग परेशान हैं, यह मोदी सरकार की बड़ी विफलता है कि लोग गैस सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े हैं, जबकि समाधान की दिशा में ठोस कदम दिखाई नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी कानून व्यवस्था चरमराई हुई है।

# रामपुर ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था ठप, ग्रामीण परेशान

स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र की रामपुर ग्राम पंचायत में पिछले एक माह से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे वार्डों में गंदगी फैल गई है। कचरे के ढेर और जाम नालियों के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर महीने करीब एक लाख रुपए खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई काम नजर



नहीं आ रहा। वार्ड नंबर 2 के राहुल जोशी ने बताया कि सफाई कर्मचारी लंबे समय से नहीं आए, जिससे हालात बिगड़ गए हैं। वहीं वार्ड 10 में भी कचरे के ढेर और दुर्गंध से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सुधार नहीं होने पर प्रदर्शन किया जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी मदनलाल ने जल्द सफाई का आश्वासन दिया हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण शुरू

स्मार्ट हलचल | बानसूर

नगरपालिका आम चुनाव 2026 को लेकर निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। एसडीएम अनुराग हरित ने बताया कि 24 मार्च 2026 को सभी वार्डों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया, जबकि 25 मार्च को वार्डों व मतदान केंद्रों पर इनका पठन कराया गया। आमजन की सुविधा के लिए सूचियां उपखंड कार्यालय, तहसील, पंचायत समिति और नगरपालिका बानसूर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई हैं। मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां 24 मार्च से 7 अप्रैल 2026 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती हैं। वहीं, नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए 29 मार्च और 5 अप्रैल को विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# ब्यावर में हॉकी का 'स्वर्ण युग': पंच गौरव योजना के तहत 60 खिलाड़ियों को मिली खेल किट, अब एस्ट्रोटर्फ पर दिखाएंगे दम

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** नवनिर्मित ब्यावर जिले में खेलों के प्रति एक नई क्रांति की शुरुआत हुई है। जिला प्रशासन और खेल विभाग की 'पंच गौरव योजना' के अंतर्गत आज एक भव्य समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में 60 होनहार हॉकी खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता वाली खेल किट प्रदान की गई, वहीं 5 पंचायत समितियों को भी खेल सामग्री वितरित की गई।



### विधायक शंकर सिंह रावत ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की 'एक जिला, एक खेल–हॉकी' पहल ब्यावर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा, 'खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करते हैं। '

### कलेक्टर की पहल: जैतारण में बनेगा आधुनिक मैदान

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिले के खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने खुशखबरी साझा की कि जैतारण में हॉकी मैदान का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं घर के पास ही मिल सकेंगी।

### एस्ट्रोटर्फ पर मिलेगी ट्रेनिंग

जिला खेल अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए केवल किट ही नहीं, बल्कि अनुभव भी महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में: खिलाड़ियों को अजमेर के पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत खिलाड़ियों को पुष्कर और अजमेर का दौरा कराया जाएगा।

### सम्मान और रवानगी

समारोह के दौरान उन शारीरिक शिक्षकों और कोचों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को तराशने में मेहनत की है। कार्यक्रम के अंत में जिला कलेक्टर ने खिलाड़ियों की बस को हरी झंडी दिखाकर पुष्कर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर एडीएम ब्रह्म लाल जाट, एसडीएम दिव्यांश सिंह सहित खेल जगत की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की 'एक जिला, एक खेल– हॉकी' पहल ब्यावर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा, 'खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करते हैं। '

# जोबनेर व्यापार मंडल ने जयपुर ग्रामीण एसपी को दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**जोबनेर।** जोबनेर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान सहाय को बुके भेंट करके स्वागत किया एवं ज्ञापन सौंपकर जोबनेर थाने में पुलिस स्टाफ की संख्या बढ़ाने एवं ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की स्थाई नियुक्ति की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि थाने में स्टाफ की कमी के कारण आमजन को समय पर पुलिस सहायता नहीं मिल पाती है। वहीं, ट्रैफिक पुलिस की स्थाई व्यवस्था नहीं होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

व्यापार मंडल ने मांग की है कि पुलिस स्टाफ बढ़ाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए तथा ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की नियुक्ति कर यातायात को सुचारु बनाया जाए।आज ज्ञापन देते समय व्यापार मंडल संरक्षक अमित जैन अध्यक्ष मुकेश जैन उर्फ बंब महामंत्री आशीष जैन कोषाध्यक्ष सुनील बोचलिया, नौरतन ओसवाल मिक्की जैन आशीष सोनी आदि उपस्थित रहे।





# लॉग टर्म कोर्स की बजाय रोजगार पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं आज के युवा

**नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवतः उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं।**

एक ऑनलाइन शैक्षिक कंपनी, टलेंटेज और मार्किट रिसर्च एजेंसी के एक ताजा सर्वे के अनुसार भविष्य में लंबी अवधि के कॅरियर की योजना बनाना संभव नहीं होगा, क्योंकि विकास की गति जॉब मार्केट में बढ़ रही है और युवाओं को लगातार समय की मांग के मुताबिक खुद को ऐसे परिवेश में ढालना बेहद जरूरी होगा। वहीं इससे पहले किये गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक आधा से ज्यादा नौकरी तलाश करने वालों ने लंबी अवधि के कॅरियर के उचित अवसर और विकास के लिए अपने कौशल को बढ़ाने के लिए लॉकडाउन अवधि का उपयोग किया। नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवत: उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं। डेटा साइंस और एनालिटिक्स कोर्स (22 प्रतिशत), इसके बाद डिजिटल मार्केटिंग (20 प्रतिशत), और वित्त और जोखिम प्रबंधन (16 प्रतिशत) शीर्ष पाठ्यक्रमों में से थे जो नौकरी ढूढ़ने वालों द्वारा चुने गए थे।

## गेजिंग इन टू द फ्यूचर

यंग इंडिया, देयर एस्पिरेशंस एंड कॅरियर चॉइस के एक सर्वेक्षण के अनुसार, अल्पकालिक पेशेवर योजना ही एक सही रास्ता है। उत्तरदाताओं ने कहा कि वे तेजी से एक 'नौकरी' के बारे में सोचेंगे और 'कॅरियर' नहीं, क्योंकि उनके आसपास की चीजें तेजी से बदल रही हैं और वे अगले पांच वर्षों में भी ऐसे जीवन कॅरियर की कल्पना नहीं कर सकते हैं जब बहुत सारे वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के होते हुए भी शायद ही कुछ ऐसे होंगे जो एक उचित परिपेक्ष्य में, अनुकूल और लाभप्रद रोजगार दे सकेंगे। टलेंटेज ने 20,000 छात्रों में से ऐसे उत्तरदाताओं की पहचान की है जिन्होंने इस संस्था में पिछले वर्ष नामांकन किया था, उनमें से 60 उत्तरदाताओं ने इस सर्वे में भाग लेने के लिए फाइनल कट दिया है। सर्वेक्षण पर आधारित यह अध्ययन लगभग पांच वर्षों तक किया गया, जिसमें से मानव संसाधन प्रमुखों, सीएक्सओ, कॅरियर काउंसलर और समाजशास्त्रियों के उत्कृष्ट विचारों को संज्ञान में लिया गया, ताकि इस उभरते हुए झुकाव की विस्तृत तस्वीर सामने आ सके और उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन मिल सके। टलेंटेज के आदित्य मालिक ने एक बिजनेस समाचार पत्र में दिए गए एक वक्तव्य में बताया कि 29 साल की औसत आयु के साथ भारत 2026 तक दुनिया का सबसे युवा देश होगा। उन्होंने बताया की वो युवा भारतीयों के विचारों को, उनके कॅरियर के विकल्पों की संभावनाओं को और उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में समझना चाहते थे। अध्ययन में पाया गया कि डिग्रियों का कम्पित अधिग्रहण कॅरियर का एक नया मापदंड होगा, जैसा कि उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें क्रियाशील व व्यावहारिक तजुर्बों से सीखना होगा और जरूरत पड़ने पर और अधिक डिग्री हासिल करनी होगी। विशेषज्ञों ने इस सर्वेक्षण पर विचार विमर्श किया और पाया की शिक्षा सिर्फ एक बार का मामला नहीं होगा बल्कि एक सतत प्रक्रिया होगी जिसमें युवा जैसे जैसे आगे बढ़ते जायेंगे, डिग्रियां हासिल करते रहेंगे। आदित्य मालिक ने आगे बताया कि कॉर्पोरेट दुनिया के साथ बढ़ती निराशा युवाओं के जूनून को काम में परिवर्तित करने में उन्हें आगे ले जाएगी। लीक से हटकर बढ़ते हुए पाठ्यक्रमों ने नए कॅरियर को पंख दे दिए हैं। और आज के युवा भी शायद इसे ही ज्यादा महत्त्व दे रहे हैं और अपना रुझान भी इसी पर केंद्रित कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार के लिए आज एक बहुत बड़ा स्कोप खुल गया है, यह स्वीकार करते हुए कि वे इस बात को लेकर निश्चित नहीं थे कि यह कितना आकर्षक होगा, क्योंकि इसके लिए बहुत अधिक प्रयास और परिश्रम की आवश्यकता होती है। तो अगर आप एक युवा हैं और अपने कॅरियर को लेकर गंभीर हैं तो शायद आप अच्छी तरह से समझ गए होंगे कि शार्टटर्म का कोई मनचाहा कोर्स आपको सही दिशा में ले जायेगा या फिर कोई लॉन्गटर्म वाला कोर्स।





# जीवाश्म विज्ञानी के रूप में तलाशें रोजगार की संभावनाएं

**एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं।**

पृथ्वी पर जीवन की शुरूआत लाखों-करोड़ों साल पहले ही हो गई है। ऐसे कई जीव व जानवर हैं, जो सालों पूर्व धरती पर मौजूद थे, लेकिन अब वह विलुप्त हो चुके हैं। लेकिन उनके जीवाश्म की मदद से पृथ्वी पर जीवन के इतिहास के अध्ययन को ही पेलियोन्टोलॉजी कहा जाता है। यह जीवाश्मों के अध्ययन के माध्यम से पृथ्वी पर पिछले जीवन की जांच है। जीवाश्म पौधों, जानवरों, कवक, बैक्टीरिया और अन्य एकल-कोशिका वाले जीवित जीवों के अवशेष या निशान हैं जो भूवैज्ञानिक अतीत में रहते थे और पृथ्वी की क्रस्ट में संरक्षित हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि पेलियोन्टोलॉजिस्ट सिर्फ डायनासोर का अध्ययन करते हैं, जबकि यह सच नहीं है। बल्कि यह जीवाश्मों की मदद से पृथ्वी पर जीवित चीजों की पूरी प्रजातियों का अध्ययन है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

## क्या होता है काम

एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं। वे प्रागैतिहासिक जीवन रूपों और जीवाश्मों की परीक्षा के माध्यम से पौधे और पशु जीवन के विकास पर शोध करते हैं। वे विलुप्त प्रजातियों के बारे में जानने के लिए जानवरों की हड्डियों, गोले और कास्ट का उपयोग करते हैं। साथ ही वह जीवाश्मों का पता लगाने और जीवाश्मों के बारे में प्रासंगिक तथ्यों की पहचान करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करते हैं। उनके कार्यक्षेत्र में जीवाश्मों का पता लगाना और उनकी खुदाई करना, निष्कर्षों की पहचान, अनुसंधान और उन्हें साझाकरण करना शामिल है।

## पर्सनल स्किल्स

पेलियोन्टोलॉजिस्ट को कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होनी चाहिए और सांख्यिकीय विश्लेषण में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा उसमें मौखिक और लिखित संचार कौशल भी होने चाहिए, क्योंकि उन्हें पेशेवरों की एक टीम के साथ काम करना होता है।
पैलियोन्टोलॉजिस्ट के पास उच्च जिज्ञासा स्तर और इमेजिनेशन पावर होनी चाहिए। उन्हें तार्किक और गंभीर रूप से सोचने में सक्षम होना चाहिए, जिज्ञासु और अत्यंत विश्लेषणात्मक होना चाहिए, और एकत्रित डेटा या जानकारी से निष्कर्ष निकालने की क्षमता भी इस क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी है। चूंकि जीवाश्म विज्ञान एक कठिन काम है, जिसमें जीवाश्मों को खोजने और खुदाई करने के लिए बहुत से बाहरी काम करने की आवश्यकता होती है, एक इच्छुक व्यक्ति को धैर्यपूर्ण होना चाहिए।

## योग्यता

पैलियोन्टोलॉजी एक विज्ञान से संबंधित लेकिन व्यापक क्षेत्र है। इसलिए एक जीवाश्म विज्ञानी को भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भूविज्ञान को जानना आवश्यक है। जीवाश्म विज्ञान में अधिकांश प्रवेश स्तर के पदों के लिए भूविज्ञान या पृथ्वी विज्ञान में मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। वहीं रिसर्च और कॉलेज टीचिंग के लिए पीएचडी होना आवश्यक है। कई भाषाओं का ज्ञान इस क्षेत्र के लिए एक अतिरिक्त लाभ है।

## रोजगार की संभावनाएं


एक पेलियोन्टोलॉजिस्ट के रूप में आप कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थान, संग्रहालयों, या राज्य और संघीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों, प्रयोगशालाओं आदि में काम कर सकते हैं। जीवाश्म विज्ञानी सार्वजनिक व निजी दोनों ही क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## आमदनी

एक जीवाश्म विज्ञानी की आमदनी उनके शिक्षा के स्तर, अनुभव व जहां पर वे काम करते हैं, उस पर निर्भर करती है। निजी क्षेत्र में आपकी योग्यता व अनुभव के आधार पर अच्छा वेतन मिलता है। शुरूआती रूप में एक जीवाश्म विज्ञानी 15000 से 25000 रूपए प्रतिमाह आसानी से कमा सकता है। इसके बाद आपके अनुभव के आधार पर आमदनी बढ़ती जाती है।

## प्रमुख संस्थान

भारत में केवल एक संस्थान जीवाश्म विज्ञान में एक पाठ्यक्रम प्रदान करता है और यह हैदराबाद के बंडलागुडा में स्थित जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया है।



# अलग-अलग भाषाओं के साथ लैक्सोग्राफी में बना सकते हैं कॅरियर

**एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं।**

वर्तमान समय में, छात्रों के लिए संभावनाओं का एक खुला आसमान है, जहां पर वह विचरण करके एक सुखद व सफल भविष्य बना सकते हैं। ऐसा ही एक क्षेत्र है लेक्सोग्राफी। हो सकता है कि आपके लिए यह शब्द नया हो, लेकिन हम आपको बता दें कि शब्दकोश प्रारूप में 'शब्द' लिखने की कला को लेक्सोग्राफी कहते हैं। लैंग्वेंज स्टडी के इतिहास में इसका एक अहम् स्थान है। जिसमें शब्दकोश निर्माण के दौरान इतिहास, थ्योरी, मैथडोलॉजी और टाइपोलॉजी शामिल है। अगर आप भी अलग-अलग भाषाओं के साथ अपना भविष्य देखते हैं तो आप लैक्सोग्राफी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं अपना कॅरियर-

## क्या होता है काम

लेक्सोग्राफर एक प्रोफेशनल भाषाविद् होते हैं, जो डिक्शनरी, एनसाइक्लोपीडिया व अन्य रेफरेंस टेक्स्ट जैसे लॉ और मेडिकल डिक्शनरी बनाने के लिए रिसर्च, लेखन, संकलन व संपादन करते हैं। आमतौर पर, लेक्सोग्राफी को दो शाखाओं में विभाजित किया गया है, पहला प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी और दूसरा सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी। प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी में शब्दकोशों का संकलन, लेखन और संपादन की प्रक्रिया शामिल है। वहीं सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी में लैंग्वेंज की स्टडी और इसकी शब्दावली के अध्ययन पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस प्रकार अगर देखा जाए तो एक लेक्सोग्राफर का काम सिर्फ परिभाषाएं लिखना ही नहीं होता, बल्कि सही लोगों के लिए सही परिभाषा लिखना होता है।

**पर्सनल स्किल्स** – एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं। इसके अलावा आपको ग्रामाटिकल और कम्प्यूटेशनल भाषा का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। एक बेहतरीन क्रिटिकल थिंकिंग, ओपन-मांइडेड, व हर छोटी बातों पर गहरी नजर होनी चाहिए। लेक्सोग्राफी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आपको कड़ी मेहनत और पूर्ण रूप से जिम्मेदारी निभाना आना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता** – इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को अंग्रेजी या किसी अन्य संबंधित भाषा में मास्टर या डॉक्टरेट की डिग्री होना आवश्यक है। वर्तमान में देश में ऐसे कई विश्वविद्यालय हैं, जो विभिन्न भाषाओं जैसे अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, तमिल, पंजाबी आदि में लेक्सोग्राफी पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

**संभावनाएं** – लेक्सोग्राफर कई पब्लिशिंग हाउस के लिए काम करते हैं। वह अपना कॅरियर असिसटेंट एडिटर या फिर जूनियर एडिटोरियल असिसटेंट के तौर पर शुरू कर सकते हैं। कुछ अनुभव प्राप्त करने के बाद आप बतौर लेक्सोग्राफर काम कर सकते हैं।

**आमदनी** – यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लोग सैलरी के लिए नहीं, बल्कि अपनी खुशी के लिए काम करते हैं। एक पब्लिशिंग हाउस में काम करने वाले लेक्सोग्राफर 15000 से 20000 रूपए प्रतिमाह कमा सकते हैं। वैसे कई लेक्सोग्राफर एक फ्रीलांसर के तौर पर काम करते हैं और इस तरह वह हर प्रोजेक्ट के लिए चार्ज करते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- डेक्कन संस्थान, पुणे
- पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला
- मद्रास विश्वविद्यालय केरल विश्वविद्यालय, केरल
- भारथिअर यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर



# डॉक्टर बनने के लिए जरूरी है नीट परीक्षा ऐसे करें तैयारी

**नीट परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।**

नीट मतलब नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट! यह परीक्षा देशभर में मेडिकल कॉलेजेज में एडमिशन लेने के लिए आयोजित की जाती है। 12वीं के बाद अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं और इससे संबंधित एमबीबीएस अथवा बीडीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं तो आप को इस नीट का एग्जाम देना ही पड़ेगा। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा इसके लिए एंट्रेंस एग्जामिनेशन प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।
जान लें कि अगर आपने 12वीं की पढ़ाई ठीक ढंग से की है, खासकर बायोलॉजी, फिजिक्स व केमिस्ट्री में, तो आप इस परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं, किंतु ध्यान रखने वाली बात यह है कि यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एकमात्र मेडिकल परीक्षा है। अत: कंपटीशन बेहद कठोर होता है। अत: मुश्किल तो होगी, किन्तु यह नामुमकिन कतई नहीं है! परीक्षा के माध्यम की बात करें तो हिंदी और अंग्रेजी में इसके प्रश्न दिए जाते हैं। अगर आप इस परीक्षा में पास हो जाते हैं तो ऑनलाइन इसकी काउंसलिंग होती है और नेशनल लेवल के अलावा स्टेट लेवल पर भी इसकी काउंसलिंग कंडक्ट की जाती है। इसमें अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से सीटों को आवंटित किया जाता है। एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर इसकी दूसरी कई जानकारियां आपको मिल जाएंगी। यहां तक कि आप मॉक टेस्ट का पेपर भी यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं और उस हिसाब से अपनी तैयारी को धार दे सकते हैं। कॅरियर एक्सपर्ट्स तैयारी के लिए सलाह देते हैं कि आपको काफी पहले से इस पर ध्यान देना होता है, किंतु जिस स्तर का टफ एग्जामिनेशन होता है, उसे देखते हुए आपको अंतिम के तकरीबन 2 महीने बेहद सटीकता से रिवीजन पर बिताना होगा। इसके लिए आपको न केवल स्ट्रेस से बचना होगा, बल्कि बेहतरीन तैयारी के लिए पूरी शेड्यूलिंग करके अलग-अलग सब्जेक्ट पर ध्यान देना होगा। ध्यान रहे! यह कोई साधारण एग्जामिनेशन नहीं है, इसलिए आप भिन्न एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन लेने में संकोच ना करें। इसमें पिछले वर्ष के टॉपर्स का इंटरव्यू आपको मिल जाएगा, जिसे आपको पढना-सुनना चाहिए। इसी प्रकार से जो दूसरे एक्सपर्ट्स हैं, उनकी राय भी आपको काफी लाभ पहुंचा सकती है। किन्तु अंत में आपका डिसिप्लिन और बेहतरीन रिवीजन के साथ मॉक टेस्ट पेपर अधिक से अधिक बार सॉल्व करना आप के लिए सबसे मददगार साबित हो सकता है। कंप्रिहेंसिव रिवीजन इसमें काफी फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए आपको एनसीआरटी बुक्स का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। अंत में आपको संपूर्ण सिलेबस पर ध्यान देना होता है और सिलेक्टिव टॉपिक्स को स्टडी करने से बचना है। आपको सम्पूर्ण कोर्स के अधिक से अधिक हिस्सों को, कम से कम समय में कवर करने की कोशिश करनी चाहिए। ध्यान रहे, इसका कोई शॉर्टकट नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत ही आपको इसमें इक्षित परिणाम दे सकती है।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com